Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## दिसंबर भाग-2 2024



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009

Inquiry: +91-87501-87501

Email: care@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद का सत्र बुलाने का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 85 में निर्दिष्ट है।
2. भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर नहीं है।
3. संसद के दो सत्रों के बीच अधिकतम अंतराल छह महीने से अधिक नहीं हो सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**2. आर्कटिक परिषद से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1996 में रेक्जाविक घोषणा द्वारा की गई थी।
2. डेनमार्क परिषद में ग्रीनलैंड और फरो आइलैंड्स का प्रतिनिधित्व करता है।
3. भारत को वर्ष 2013 से परिषद में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**3. शतरंज चैंपियनशिप में भारत के प्रदर्शन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गुकेश FIDE विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाले तीसरे भारतीय ग्रैंडमास्टर हैं।
2. हरिका द्रोणावल्ली ने वर्ष 2019-2020 में महिला ग्रैंड प्रिक्स सीरीज़ जीती।
3. विश्वनाथन आनंद ने वर्ष 2003 और 2017 में विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीती।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**4. "डिज़ीज़ एक्स" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डिज़ीज़ एक्स एक विशिष्ट जूनोटिक वायरस है जिसकी पहचान वर्ष 2014-2016 के पश्चिम अफ्रीकी इबोला महामारी के दौरान हुई थी।
2. डिज़ीज़ एक्स से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिये मज़बूत वैश्विक निगरानी और महामारी संधि जैसे ढाँचे आवश्यक हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**5. पेरिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेरिस समझौते ने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया है और इसके तहत देशों को हर पाँच वर्ष में अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) प्रस्तुत करना आवश्यक है।
2. पेरिस समझौते का प्राथमिक लक्ष्य 2050 तक शुद्ध-शून्य वैश्विक उत्सर्जन प्राप्त करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

6. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसका 4,200 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर फायरिंग परीक्षण पूरा कर किया गया।
   2. इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और लार्सन एंड टुब्रो ((L&T)) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया हैं।
   3. इसे भारतीय वायु सेना द्वारा सफलतापूर्वक हवाई मार्ग से लाया गया, जिससे दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में तीव्र तैनाती संभव हो सकी।

   **निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त कथनों से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

   A. ज़ोरावर (इंडियन लाइट टैंक (ILT))
   B. एमके-45 नौसेना बंदूकें
   C. के9 वज्र
   D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

7. **आर्द्रभूमि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. वर्ष 1971 में अपनाया गया आर्द्रभूमि अभिसमय एक अंतर-सरकारी संधि है जो संयुक्त राष्ट्र या यूनेस्को के पर्यावरण अभिसमयों एवं समझौतों की प्रणाली का हिस्सा है।
   2. भारत में केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान), लोकटक झील (मणिपुर) एवं चिल्का झील (ओडिशा) वर्तमान में मोंट्रेक्स रिकॉर्ड में शामिल हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1, न ही 2

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. मुनीस अल-अरवाह नामक जीवनी जहाँआरा ने शेख मुईनुद्दीन चिश्ती के बारे में लिखी थी।
   2. मीर खुर्द किरमानी द्वारा लिखित चौदहवीं शताब्दी का सियार-उल-औलिया भारत में लिखा गया पहला सूफी तज़किरा था, जो मुख्य रूप से चिश्ती संतों पर केंद्रित था।
   3. चिश्तियों ने न केवल समा में स्थानीय भाषाओं को अपनाया बल्कि दिल्ली में लोगों की भाषा हिंदवी में भी बातचीत की।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई भी नहीं

9. **इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इससे फेफड़ों में वायु कोष्ठक क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।
   2. IPF पुरुषों में अधिक सामान्य है और आमतौर पर यह 50 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को प्रभावित करता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

10. **हाल ही में समाचारों में रहीं फ्रैंकलिन फायर और सांता एना पवनें निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित हैं?**

    A. केपटाउन
    B. मालिबू
    C. एथेंस
    D. सिडनी

11. **भारत के उपराष्ट्रपति से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
    1. अनुच्छेद 66 में उपराष्ट्रपति पद के लिये योग्यताओं का उल्लेख किया गया है, जिसमें भारतीय नागरिकता, न्यूनतम आयु 30 वर्ष तथा लोकसभा चुनाव के लिये पात्रता शामिल है।
    2. अनुच्छेद 67(b) में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति को तब हटाया जा सकता है जब राज्यसभा के सभी तत्कालीन सदस्य बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दें।
    3. संविधान में राज्य सभा के पदेन सभापति के लिये वेतन का निर्धारण नहीं किया गया है, जो उपराष्ट्रपति के रूप में वेतन प्राप्त करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**12. आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नीति आयोग द्वारा शुरू किये गए आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के 112 ज़िलों में बदलाव लाना है, जिसमें पाँच प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, तथा 81 विकास संकेतकों के आधार पर प्रगति को मापा जाएगा।
2. नीति आयोग ने आकांक्षी ज़िलों में 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता प्राप्त करने के लिये 3 महीने का संपूर्णता अभियान शुरू किया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**13. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (POSH अधिनियम) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 20 या अधिक कर्मचारियों वाले कार्यस्थलों पर नियोक्ताओं द्वारा आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का गठन किया जाना चाहिये, जिसके पास सिविल न्यायालयों के समान शक्तियाँ हों।
2. जिन संगठनों में कोई आंतरिक समिति नहीं है, वहाँ शिकायतों के निपटान के लिये ज़िला अधिकारी द्वारा एक स्थानीय समिति (LC) का गठन किया जाए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**14. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह यूक्रेन और रोमानिया की सीमा से घिरा एक स्थलरुद्ध देश है।
2. यह बाल्कन प्रायद्वीप के उत्तर पूर्व में है।
3. देश का अधिकांश भाग घुमावदार प्रुत और नीसतर नदियों के बीच स्थित है।

**निम्नलिखित में से कौन सा देश उपर्युक्त विशेषताओं का सबसे बेहतर वर्णन करता है?**

A. माल्डोवा

B. बुल्गारिया

C. सर्बिया

D. हंगरी

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I: MFN (सबसे पसंदीदा राष्ट्र) एक देश द्वारा दूसरे देश को दी गई व्यापार स्थिति को संदर्भित करता है, जो उनके बीच गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार सुनिश्चित करता है।**

**कथन II: MFN का तात्पर्य अधिमान्य उपचार, जो प्राप्तकर्त्ता देश को अन्य व्यापार भागीदारों पर लाभ प्रदान करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की व्याख्या नही करता है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी भारतीय सूचीबद्ध कंपनी में 10% या उससे अधिक का विदेशी निवेश FDI माना जाता है; 10% से कम वाले निवेश को FDI के रूप में वर्गीकृत होने के लिये एक वर्ष के भीतर इसे 10% तक होना आवश्यक है, अन्यथा वे पोर्टफोलियो निवेश माने जाएंगे।
2. भारत में FDI विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (FEMA) 1999 द्वारा विनियमित है और उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा प्रशासित है।
3. स्वचालित मार्ग से FDI के अंतर्गत, अनिवासी या भारतीय कंपनी को भारत सरकार से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल दो
B. केवल एक
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**17. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति/स्थानांतरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश को उच्च न्यायालय में नियुक्तियों के लिये सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम से परामर्श करना चाहिये।
2. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का स्थानांतरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 222 के तहत परामर्श की प्रक्रिया के बाद किया जाता है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों से परामर्श करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**18. ब्रह्मपुत्र नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत में चेमायुंगडुंग ग्लेशियर के पास, सिंधु और सतलज के स्रोतों के नज़दीक से निकलती है।
2. ब्रह्मपुत्र एक अरीय नदी तंत्र है जो एक केंद्र से निकलता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**19. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्गम निम्न शिवालिक पर्वतमाला से होता है।
2. प्रमुख सहायक नदियों में काली और कृष्णी नदी शामिल हैं।
3. वर्ष 2015 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने इसे "मृत नदी" घोषित कर दिया था।

**उर्युक्त विशेषताओं के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सी नदी का सबसे अच्छा वर्णन किया गया है?**

A. हिंडन
B. सुवर्णरेखा
C. घग्गर
D. व्यास

**20. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह मोलोसस बैट वंश से संबंधित है।
2. यह गुफाओं अथवा अंधेरे एवं आर्द्र स्थानों में पाया जाता है।
3. यह मुख्य रूप से पश्चिमी घाट में एक ही प्रजनन निवह के साथ पाया जाता है।

**उपर्युक्त विशेषताओं के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति सर्वाधिक सटीक वर्णित है?**

A. इंडियन फ्लाइंग फॉक्स
B. रॉटन का फ्री-टेल्ड चमगादड़
C. ग्रेट फ्रूट बैट
D. शॉर्ट नोज़्ड फ्रूट बैट

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**21. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 के तहत किया गया था।
2. इसका उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना, पेट्रोलियम से संबंधित गतिविधियों को विनियमित करना एवं प्रतिस्पर्द्धी बाज़ारों को बढ़ावा देना है।
3. PNGRB, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नेटवर्क तथा प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों को अधिकृत करने के साथ टैरिफ निर्धारित करता है तथा तकनीकी और सुरक्षा मानक स्थापित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक संघ एक ऐसा साझा बाज़ार है जहाँ सदस्य देश व्यापक आर्थिक और विनिमय दर नीतियों का समन्वय करते हैं।
2. साझा बाज़ार एक सीमा शुल्क संघ है जहाँ सदस्य देशों के बीच उत्पादन के कारकों की आवाजाही अपेक्षाकृत मुक्त होती है
3. कस्टम यूनियन एक मुक्त व्यापार समझौता है जिसके तहत सदस्य देश गैर-सदस्यों से आयात पर एक सामान्य बाह्य टैरिफ (CET) लागू करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये काले और सफेद रंग के समुद्री पक्षी हैं जो दिखने में कुछ हद तक पेंगुइन जैसे हैं और अलास्का में सबसे अधिक संख्या में पाए जाने वाले समुद्री पक्षियों में शामिल हैं।
2. ये उत्तरी गोलार्द्ध के सबसे अधिक गहराई तक गोता लगाने वाले पक्षी हैं जो 600 फीट गहराई तक गोता लगाते हैं।
3. IUCN के तहत यह कम चिंताजनक श्रेणी में शामिल हैं।

**निम्नलिखित में से कौन सा पक्षी उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. सामान्य मुररे
B. हमिंगबर्ड्स
C. कोलंबिडी
D. फिंच

**24. मनरेगा योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा क्रमश: 90:10 के अनुपात में वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है।
2. भारत सरकार कृषि श्रम हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-AL) का उपयोग कर मनरेगा के अंतर्गत मज़दूरी दर अधिसूचित करती है।
3. डॉ. नागेश सिंह समिति ने मनरेगा मज़दूरी को CPI-कृषि श्रमिक के बजाय थोक मूल्य सूचकांक (WPI) ग्रामीण के अनुसार निर्धारित करने की सिफारिश की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**25. सैनिटरी एंड फाइटोसैनिटरी उपायों के अनुप्रयोगों पर समझौते (SPS समझौता) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1995 से प्रभावी SPS समझौता खाद्य सुरक्षा तथा पशु एवं पादप स्वास्थ्य विनियमों के अनुप्रयोग पर केंद्रित है।
2. यह सरकारों को अपने राष्ट्रीय उपायों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों, दिशा-निर्देशों एवं सिफारिशों के अनुरूप बनाने के लिये प्रोत्साहन देता है, इस प्रक्रिया को मानकीकरण के रूप में जाना जाता है।
3. विश्व व्यापार संगठन इन मानकों को बनाता है तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय निकायों की भागीदारी के माध्यम से इनके कार्यान्वयन में सहायता करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 — SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस — SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**26. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **मादक पदार्थों की श्रेणी** | **मुख्य तत्त्व/उदाहरण** |
|---|---|---|
| 1. | हैलुसिनोजन | साइलोसाइबिन |
| 2. | ओपियोइड | अफीम |
| 3. | कैनबिस | हशीश |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**27. सिंधुदुर्ग तथा विजयदुर्ग, प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. प्राचीन व्यापार मार्ग

B. नौसेना जहाज़

C. तटीय किले

D. चट्टान काटकर बनाई गई गुफाएँ

**28. कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर संसदीय स्थायी समिति (PSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन लोकसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के अंतर्गत किया गया है।
2. इसमें लोकसभा से 21 सदस्य और राज्य सभा से 10 सदस्य होते हैं।
3. हाल ही में इसने न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के लिये कानूनी गारंटी देने से इनकार कर दिया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**29. भारत के रक्षा निर्यात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात के लिये शीर्ष तीन गंतव्य अमेरिका, फ्राँस और आर्मेनिया हैं।
2. भारत ने वियतनाम को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप सौंपी

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**30. पैंगोलिन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पैंगोलिन की सभी प्रजातियाँ विशेष रूप से एशिया में पाई जाती हैं।
2. भारत में भारतीय और चीनी दोनों पैंगोलिन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची 1 के तहत संरक्षित हैं

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**31. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. यह अफ्रोअल्पाइन पारिस्थितिकी तंत्र में कृन्तकों का एक विशेष शिकारी है।
2. यह उष्णकटिबंधीय वनों के ऊपर उच्च तुंगता वाले "आकाश द्वीपों" में पाया जाता है।
3. इसका आहार लाल गर्म पोकर फूलों का मकरंद है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति उपर्युक्त विवरण से सबसे सटीक रूप से मेल खाती है ?**

A. पहाड़ी ज़ेबरा
B. इथियोपियाई भेड़िया
C. गेलडा बबून
D. वालिया आइबेक्स

**32. टैक्स बॉयंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन के प्रति कर राजस्व की प्रतिक्रियाशीलता को मापता है।
2. जब कोई कर उछाल वाला होता है, तो कर की दर बढ़ाए बिना ही उसका राजस्व बढ़ जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. कोई नहीं

**33. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने कृषि उपज विपणन विधेयक (1938) प्रस्तावित किया।
2. उनके सम्मान में 23 दिसंबर को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
3. वह ' ज़मींदारी उन्मूलन ' और 'कोऑपरेटिव फार्मिंग एक्स-रेड ' के लेखक हैं।

**उपर्युक्त पहलें निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व का सही वर्णन करती हैं ?**

A. चौधरी चरण सिंह
B. वी.वी. गिरि
C. सी. सुब्रमण्यम
D. राजेंद्र प्रसाद

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल घरेलू उत्पाद किसी निश्चित अवधि में किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का योग है।
2. बाज़ार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद की गणना GVA से सब्सिडी घटाकर और सरकार द्वारा अर्जित करों को जोड़कर की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम (SFAC) सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित एक स्वायत्त निकाय है।
2. SFAC मूल्यवर्द्धित प्रसंस्करण और विपणन संपर्क के लिये अपनी उद्यम पूंजी सहायता (वीसीए) योजना के माध्यम से लघु कृषि व्यवसाय के विकास को बढ़ावा देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**36. कभी-कभी समाचारों में देखा गया क्वांटम एंटैंगलमेंट, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. उन्नत एल्गोरिदम का उपयोग करके डेटा को एन्क्रिप्ट करने के लिये पारंपरिक कंप्यूटिंग में प्रयुक्त एक तकनीक।
B. नाभिकीय विखंडन की एक प्रक्रिया जिसमें परमाणु नाभिक को विभाजित करके बड़ी मात्रा में ऊर्जा मुक्त की जाती है।
C. एक ऐसी घटना जिसमें दो कण इस प्रकार जुड़े रहते हैं कि एक की स्थिति दूसरे को प्रभावित करती है, चाहे उनके बीच कितनी भी दूरी हो।
D. ऊष्मा ऊर्जा को यांत्रिक कार्य में रूपांतरित करने का एक ऊष्मागतिकी सिद्धांत।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट :

**37. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. वे अपने घोंसले मुख्यत: वन क्षेत्रों में, प्राय: भूमिगत गुहाओं में बनाते हैं।
2. वे एशिया के मूल निवासी हैं।
3. इनके आक्रामक स्वभाव और अन्य प्रजातियों पर प्रभाव के कारण इन्हें आमतौर पर "मर्डर हॉर्नेट" के नाम से जाना जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन सी प्रजाति उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा सबसे अच्छी तरह वर्णित है?**

A. यूरोपीय हॉर्नेट
B. एशियाई जायंट हॉर्नेट
C. बाल्ड-फेस्ड हॉर्नेट
D. नॉर्दर्न जायंट हॉर्नेट

**38. ऑप्टिकल फाइबर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्ण आंतरिक परावर्तन वह सिद्धांत है जो प्रकाश को ऑप्टिकल फाइबर के भीतर सीमित रखने में सक्षम बनाता है।
2. सूचना को ऑप्टिकल सिग्नल में तेज़, चमकती हुई प्रकाश तरंगों के रूप में एनकोड किया जाता है, जो आमतौर पर बाइनरी अंकों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**39. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे COP21 के दौरान भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया था।
2. ISA की सदस्यता कर्क रेखा और मकर रेखा के Bच स्थित देशों तक ही सीमित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 2016 में संसद के दोनों सदनों द्वारा संवैधानिक (122वाँ संशोधन) विधेयक पारित होने के बाद वस्तु एवं सेवा कर (GST) पद्धति लागू हुई।
2. संविधान के अनुच्छेद 269A के तहत स्थापित GST परिषद कर दरों, छूट आदि जैसे प्रमुख GST मामलों पर निर्णय लेती है।
3. केंद्रीय वित्त मंत्री GST परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**41. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप की गई है।
2. इसमें सिविल न्यायालय के समकक्ष शक्तियाँ निहित हैं।
3. इसकी सिफारिशें सरकार के लिये लागू करना अनिवार्य है, क्योंकि यह एक वैधानिक निकाय के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**42. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

**भूतापीय संरचनाएँ**

| भूतापीय संरचनाएँ | अवस्थान |
|---|---|
| गर्म जल के चश्मे | गौरीकुंड |
| गीज़र | येलोस्टोन नेशनल पार्क |
| फ्यूमरोल्स | बैरन द्वीप |

**उपरोक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**43. माइटोकॉन्ड्रिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे झिल्ली से बंधे हुए कोशिकांग हैं जो ऊर्जा उत्पादन के लिये ज़िम्मेदार होते हैं और उनमें अपना स्वयं का DNA होता है, जिसे माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए (mtDNA) के रूप में जाना जाता है।
2. mtDNA विलोपन उत्परिवर्तन के प्रति प्रतिरोधी है, जो समय के साथ माइटोकॉन्ड्रियल कार्य में महत्त्वपूर्ण हानि को रोकने में मदद करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रथम न्यायाधीश मामले (1981) में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि न्यायिक नियुक्तियों में भारत के राष्ट्रपति के पास अंतिम प्राधिकार है और उन्हें परामर्श प्राप्त न्यायाधीशों की सलाह मानने की आवश्यकता नहीं है।
2. द्वितीय न्यायाधीश मामले (1993) में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) को उच्च न्यायालयों में नियुक्तियों हेतु सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों से परामर्श करना चाहिये।
3. तृतीय न्यायाधीश मामले (1998) में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि मुख्य न्यायाधीश को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिये सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम से परामर्श करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षा मूलतः भारत सरकार अधिनियम 1935 के अंतर्गत समवर्ती सूची में थी लेकिन 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 के माध्यम से इसे राज्य विषय में स्थानांतरित कर दिया गया।
2. 89वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये शिक्षा के अधिकार को अनुच्छेद 21A के अंतर्गत एक मूल अधिकार बना दिया।
3. राज्य की नीति के निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 45 में संशोधन किया गया, ताकि 14 वर्ष की आयु तक प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के लिये राज्य की ज़िम्मेदारी पर प्रकाश डाला जा सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**46. लायन-टेल्ड मेकाक से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हिमालयी क्षेत्र में स्थानिक रूप से पाये जाते हैं।
2. यह वृक्षीय एवं दिनचर प्राणी हैं।
3. प्रमुख नर मेकाक अपने क्षेत्र में प्रवेश करते समय अन्य को सचेत करने के लिये मानव-जैसी तेज़ 'आवाज़/उफ (Whoops)' का उपयोग करते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सत्य है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**47. अक्सर खबरों में रहने वाली पुस्तक फिलोसोफी नेचुरलिस प्रिंसिपिया मैथमेटिका निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई थी?**

A. अल्बर्ट आइंस्टीन

B. गैलीलियो गैलीली

C. जोहानिस केप्लर

D. आइज़क न्यूटन

**48. जल्लीकट्टू के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जल्लीकट्टू के साक्ष्य सिंधु घाटी की मुहरों और मदुरै के निकट प्राचीन गुफा चित्रों में पाए गए हैं।
2. इस खेल में पुलिकुलम और कंगायम नस्ल के बैल शामिल होते हैं, जो अपने बाज़ार मूल्य और प्रजनन गुणवत्ता के कारण अत्यधिक मूल्यवान हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह 13 अप्रैल 1919 के जलियाँवाला बाग हत्याकांड में जीवित बच गए थे ।
2. वह वर्ष 1924 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विदेशों में भारतीयों को संगठित करने के लिए गदर पार्टी में शामिल हुए।
3. उन्होंने माइकल ओ'डायर की हत्या कर दी और वर्ष 1940 में लंदन के पेंटनविले जेल में उन्हें फाँसी दी गई।

**उपर्युक्त कथनों में निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व का वर्णन किया गया है?**

A. भगत सिंह

B. करतार सिंह सराभा

C. सरदार उधम सिंह

D. सोहन सिंह भकना

**50. प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक पेंशन योजना है जिसका प्रशासन कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
2. इस योजना का लक्ष्य 18 से 40 वर्ष की आयु के असंगठित श्रमिक हैं, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपए तक है।
3. इस योजना में श्रमिक की 60 वर्ष की आयु हो जाने पर उसे 10,000 रुपए प्रति माह पेंशन देने का लक्ष्य रखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**51. केन-बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नदियों को जोड़ने के क्रम में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (NPP) के तहत भारत की पहली पहल है।
2. इसका उद्देश्य मध्य प्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को उत्तर प्रदेश की बेतवा नदी में स्थानांतरित करना है, यह दोनों ही नर्मदा नदी की सहायक नदियाँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**52. बायोडायवर्सिटी क्रेडिट के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विपणन योग्य वित्तीय साधन हैं जो एक निश्चित अवधि में भूमि या महासागर आधारित इकाइयों के निर्माण और बिक्री के माध्यम से सकारात्मक जैव विविधता परिणामों को पुरस्कृत करते हैं।
2. इस पहल की शुरुआत विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा पर्यावरण के लिये मात्रात्मक लाभ हेतु नए वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिये गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 324(1) निर्वाचन आयोग को संसद, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा सदस्यों के सभी चुनावों पर अधिकार देता है।
2. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त पाँच वर्ष तक या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहते हैं।
3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान तरीके से और समान आधार पर पद से हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्लॉक पर्वतों का निर्माण भू-पर्पटी के बड़े खंडों के क्षैतिज रूप से खिसकने और फॉल्ट के कारण होता है।
2. स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट तब बनते हैं जब विवर्तनिक प्लेट न्यूनतम ऊर्ध्वाधर गति के साथ क्षैतिज रूप से खिसकती है।
3. रिवर्स फॉल्ट तब बनते हैं जब ऊपरी ब्लॉक ऊपर की बढ़ते हुए निचले ब्लॉक के ऊपर चला जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंकित प्रभावी विनिमय दर (NEER) एक मुद्रा की द्विपक्षीय विनिमय दरों का एकाधिक व्यापारिक साझेदार मुद्राओं के सापेक्ष भारित औसत है।
2. 100 से अधिक वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER) अवमूल्यन को दर्शाती है, जबकि 100 से कम का मूल्य अधिमूल्यन को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**56. जीका वायरस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जीका वायरस मुख्य रूप से एडीज़ मच्छरों द्वारा फैलता है, जो अधिकतर दिन में काटते हैं।
2. यह आमतौर पर घातक नहीं होता है, लेकिन इससे संक्रमित गर्भवती महिलाओं से जन्मे शिशुओं में माइक्रोसेफेली (सिर का आकार छोटा होना) हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**57. भारत में सहकारी क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सहकारी समितियाँ बनाने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत एक मौलिक अधिकार है जिसे 97वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2011 द्वारा शामिल किया गया था।
2. भारत के सहकारी क्षेत्र का कृषि ऋण वितरण में 50% से अधिक का योगदान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**58. भारत के निर्वाचन आयोग से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभाओं और पंचायतों के चुनाव कराने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये विशिष्ट प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।
3. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर पद से हटाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**59. लैग्रेंज बिंदुओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लैग्रेंज बिंदु-1 (L1) सूर्य-पृथ्वी रेखा के बीच स्थित है।
2. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप L2 के निकट सूर्य की परिक्रमा करता है।
3. L4 और L5 पर स्थित वस्तुएँ उन पर कार्यरत अद्वितीय गुरुत्वाकर्षण और अभिकेंद्रीय बलों के कारण स्थिर रहती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**60. भारत में राज्यपाल से संबंधित प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 174 के तहत, यदि कोई भी दल सरकार नहीं बना पाती है तो राज्यपाल विधानसभा को भंग करने की सिफारिश सकता है; हालाँकि, यह शक्ति कतिपय शर्तों के अधीन है।
2. अनुच्छेद 176 के तहत, राज्यपाल आम चुनावों के बाद पहले सत्र में तथा प्रतिवर्ष विधानमंडल को संबोधित करते हुए विधानसभा या दोनों सदनों को उसके आह्वान का कारण बताएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**61. ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 में शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. इसका उद्देश्य "ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति)" से प्रेरित होकर विकारीय फसलों की कीमतों को स्थिर करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।
3. इसका कार्यान्वयन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जाता है तथा इसका वित्तपोषण भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED) द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विलुप्त उड़ने में अक्षम पक्षी है जो मॉरीशस द्वीप का स्थानिक पक्षी था, जो हिंद महासागर में मेडागास्कर के पूर्व में अवस्थित है।
2. यह *कोलंबिडे कुल* से संबंधित था।
3. यह मानवीय गतिविधियों और सूअरों, चूहों व बिल्लियों जैसी आक्रामक प्रजातियों के अस्तित्व में आने के कारण विलुप्त हो गया, जो इसके अंडों और चूज़ों का शिकार करते थे।

**निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सटीक वर्णित होता है?**

A. डोडो
B. पैसेंजर कबूतर
C. ग्रेट औक
D. मोआ

**63. निधि कंपनियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत कंपनी है।
2. यह पारस्परिक लाभ के सिद्धांत पर काम करती है और वित्त मंत्रालय द्वारा विनियमित होती है।
3. वे गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक को उनकी जमा स्वीकृति से संबंधित निर्देश जारी करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इक्विटी पर रिटर्न का आशय किसी व्यवसाय की कुल परिसंपत्तियों के सापेक्ष लाभप्रदता से है।
2. स्लिपेज अनुपात बैंक की घाटे को अवशोषित करने एवं स्थिरता सुनिश्चित करने की क्षमता का मापन है।
3. पूंजी पर्याप्तता अनुपात वर्ष के आरंभ में मानक अग्रिमों के हिस्से के रूप में NPA में नई वृद्धि का मापन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**65. स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी को प्रदर्शित करने के लिये इसरो द्वारा विकसित एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है।
2. इसका उद्देश्य विद्युत ऊर्जा प्रवाह और उन्नत अंतरिक्ष यान नियंत्रण तंत्र जैसी प्रौद्योगिकियों का परीक्षण करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**66. डीप स्टेट जिसे प्राय: समाचारों में देखा जाता है, का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. एक कानूनी रूप से गठित प्रशासनिक निकाय जो संवैधानिक आदेशों के तहत कार्य करता है।
B. शक्तिशाली व्यक्तियों या संस्थाओं का एक गुप्त नेटवर्क जो पर्दे के पीछे रहकर सरकारी नीतियों और निर्णयों को प्रभावित करता है, जो प्राय: लोकतांत्रिक जवाबदेही से बाहर होता है।
C. एक राजनीतिक सिद्धांत जो राज्य में शक्तियों के पृथक्करण पर ज़ोर देता है।
D. वैश्विक वित्तीय स्थिरता और सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन।

**67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्मार्ट सिटीज मिशन (SCM) को वर्ष 2015 में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य शहरों में बुनियादी ढाँचे, जीवन की गुणवत्ता और स्थिरता को बढ़ाना है।
2. 'SAAR' (स्मार्ट सिटीज एंड एकेडमिया टुवड्र्स एक्शन एंड रिसर्च) प्लेटफॉर्म SCM के तहत शहरी पहलों के दस्तावेज़ीकरण और अनुसंधान के लिये शिक्षाविदों और सरकार को जोड़ता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**68. सर्वाधिक वरीयता प्राप्त राष्ट्र (MFN) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MFN के तहत किसी देश को सभी व्यापारिक साझेदारों (चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो) के लिये समान रूप से व्यापार बाधाओं को कम करना होता है।
2. TRIPS समझौता द्वारा गैर-भेदभाव सिद्धांत में अपवाद की अनुमति दी गई है, जिसे सर्वाधिक वरीयता प्राप्त राष्ट्र (MFN) उपचार के रूप में जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**69. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. इसमें उष्णकटिबंधीय सदाबहार, अर्द्ध सदाबहार, नम पर्णपाती वन तथा घास के मैदान शामिल हैं।
2. मलयारायण, माला पंडारम एवं यूराली जैसी मूल जनजातियाँ इस क्षेत्र में निवास करती हैं।
3. *सिज़ीजियम पेरियारेन्सिस* और *हैबेनेरिया पेरियारेन्सिस* इस क्षेत्र के स्थानिक पौधे हैं।

**निम्नलिखित में से कौन सा बाघ अभ्यारण्य उपर्युक्त विशेषताओं का सबसे बेहतर वर्णन करता है?**

A. पेरियार

B. वीरांगना दुर्गावती

C. पलामू

D. सतकोसिया

**70. सशस्त्र सीमा बल से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नेपाल एवं भूटान से संलग्न भारत की सीमा की रक्षा करता है।
2. यह रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में कार्य करता है।
3. राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिये इसे राष्ट्रपति ध्वज से सम्मानित किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (B) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (A) | 6. (A) | 7. (D) | 8. (C) | 9. (D) | 10. (B) |
| 11. (A) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (C) | 16. (C) | 17. (D) | 18. (A) | 19. (A) | 20. (B) |
| 21. (C) | 22. (D) | 23. (A) | 24. (B) | 25. (A) | 26. (D) | 27. (C) | 28. (A) | 29. (A) | 30. (B) |
| 31. (B) | 32. (C) | 33. (A) | 34. (C) | 35. (B) | 36. (C) | 37. (D) | 38. (A) | 39. (D) | 40. (B) |
| 41. (B) | 42. (C) | 43. (A) | 44. (B) | 45. (D) | 46. (B) | 47. (D) | 48. (C) | 49. (C) | 50. (A) |
| 51. (A) | 52. (C) | 53. (B) | 54. (B) | 55. (A) | 56. (C) | 57. (A) | 58. (A) | 59. (C) | 60. (C) |
| 61. (C) | 62. (A) | 63. (A) | 64. (D) | 65. (C) | 66. (B) | 67. (C) | 68. (C) | 69. (A) | 70. (B) |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

## व्याख्या

**1. C**

**व्याख्या:**

- संसद के सत्र के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 85 में प्रावधान किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर **नहीं** है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - संसद के **एक वर्ष में तीन सत्र होते** हैं।
- संसद के दो सत्रों के बीच अधिकतम अंतराल **छह महीने से अधिक नहीं** हो सकता। **अतः कथन 3 सही है।**

**2. B**

**व्याख्या:**

- **ओटावा घोषणा द्वारा** 1996 में स्थापित आर्कटिक परिषद एक अंतर-सरकारी निकाय है जिसका उद्देश्य आर्कटिक राज्यों, स्वदेशी समुदायों और निवासियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **डेनमार्क परिषद में ग्रीनलैंड और फरो आइलैंड्स का** प्रतिनिधित्व करता है, जिससे आर्कटिक शासन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत इसका सदस्य नही है लेकिन वर्ष 2013 से आर्कटिक परिषद में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है, जो आर्कटिक अनुसंधान और नीतिगत पहलों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**3. A**

**व्याख्या:**

- **गुकेश, FIDE विश्व शतरंज चैंपियनशिप** जीतने वाले **दूसरे भारतीय ग्रैंडमास्टर** हैं, उनसे पहले **विश्वनाथन आनंद थे**, जिन्होंने वित्त वर्ष 2000-2002 और वित्त वर्ष 2007-2013 तक यह खिताब अपने पास रखा था, उसके बाद **मैग्नस कार्लसन ने वर्ष** 2013 में यह खिताब जीता था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **कोनेरू हम्पी ने 2019-2020 में महिला ग्रैंड प्रिक्स सीरीज़ जीती।** उन्होंने वर्ष 2019 में महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप भी जीती। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत के सबसे सफल शतरंज खिलाड़ियों में से एक **विश्वनाथन आनंद ने वर्ष 2003 और 2017 दोनों में विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीती**, जिससे उनकी असाधारण उपलब्धियों में और इज़ाफा हुआ। **अतः कथन 3 सही है।**

**4. B**

**व्याख्या:**

**डिज़ीज़ एक्स:**

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2018** में एक **अज्ञात रोगजनक के लिये एक काल्पनिक शब्द जो वैश्विक महामारी को ट्रिगर करने** में सक्षम है, जो उभरते रोगों को रोकने की **तैयारी की आवश्यकता पर प्रकाश** डालता है। यह वर्ष **2014-2016 पश्चिम अफ्रीकी इबोला महामारी के बाद उभरा**। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी, कवक या प्रियन** से उत्पन्न हो सकते हैं। वर्ष 1940 से अब तक 300 से अधिक उभरती बीमारियाँ उभरी हैं, जिसमें 70% **जूनोटिक बीमारियाँ** शामिल हैं।
- **शमन:**
    - त्वरित पहचान और प्रतिक्रिया के लिये मज़बूत निगरानी, स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियाँ तथा CEPI जैसे प्लेटफॉर्म महत्त्वपूर्ण हैं।
    - वैश्विक सहयोग, संसाधनों तक समान पहुँच तथा **विश्व स्वास्थ्य संगठन की रोगजनक सूची, महामारी संधि** और नागोया प्रोटोकॉल जैसे ढाँचे तैयारी के लिये आवश्यक हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

5. A

**व्याख्या:**

**पेरिस समझौता**

- यह जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) **के तहत विधिक रूप से बाध्यकारी** वैश्विक समझौता है जिसका अंगीकार वर्ष 2015 (COP 21) में किया गया था।
- इसने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया जो जलवायु परिवर्तन के शमन हेतु एक पूर्व समझौता था।
    - पेरिस समझौते के अंतर्गत, प्रत्येक देश को हर पाँच वर्ष में अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) प्रस्तुत करना और उसे अद्यतन करना होता है, जिसमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने तथा जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने की उनकी योजनाओं की रूपरेखा होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की महत्त्वाकांक्षा के साथ **जलवायु परिवर्तन का शमन करना** और वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित रखना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

6. A

**व्याख्या:**

**ज़ोरावर:**

- **इंडियन लाइट टैंक (ILT)**, जिसे **ज़ोरावर** के नाम से भी जाना जाता है, ने 4,200 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर फायरिंग परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।
- इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) तथा **लार्सन एंड टुब्रो (L&T)** द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है, जिसमें उच्च ऊँचाई वाले युद्ध और तीव्र तैनाती के लिये विभिन्न सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का योगदान भी शामिल है।
- भारतीय वायु सेना द्वारा टैंक की एयरलिफ्टिंग क्षमता के प्रदर्शन का भी परीक्षण किया गया ताकि दुर्गम स्थानों पर त्वरित तैनाती की जा सके।
- यह स्वदेशी नवाचार के साथ भारत की पर्वतीय युद्ध क्षमताओं को मज़बूत करता है, हवाई परिवहन क्षमता, उच्च कोण पर फायरिंग और बढ़ी हुई गतिशीलता के लिये सीमित रूप से हथियार प्रक्षेप्य (तोपखाने) की भूमिका प्रदान करता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

7. D

**व्याख्या:**

- वर्ष 1971 में अपनाया गया आर्द्रभूमि अभिसमय एक **अंतर-सरकारी संधि** है जो संयुक्त राष्ट्र या यूनेस्को के पर्यावरण **अभिसमयों एवं समझौतों की प्रणाली का हिस्सा नहीं** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यूनेस्को इस कन्वेंशन के लिये डिपॉजिटरी के रूप में कार्य करता है।
    - **आर्द्रभूमि पर अभिसमय (रामसर कन्वेंशन) को वर्ष 1971** में ईरान के रामसर शहर में अपनाया गया था तथा इसे वर्ष 1975 में लागू किया।
- भारत में **केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान)** और **लोकटक झील (मणिपुर) वर्तमान में मॉन्ट्रेक्स रिकॉर्ड** में हैं जबकि **चिल्का झील (ओडिशा) को** पूर्व में शामिल किया गया था लेकिन बाद में हटा दिया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

8. C

**व्याख्या:**

- **मुनीस अल-अरवाह** (आत्माओं का विश्वासपात्र) नामक जीवनी **जहाँआरा ने शेख मुईनुद्दीन चिश्ती** के बारे में लिखी थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **मीर खुर्द किरमानी** द्वारा लिखित चौदहवीं शताब्दी का **सियार-उल-औलिया** भारत में लिखा गया पहला **सूफी तज़किरा**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

(शाब्दिक रूप से, "उल्लेख करना और स्मरण करना"; संतों की जीवनी संबंधी विवरण) था, जो मुख्य रूप से **चिश्ती संतों** पर केंद्रित था। **अत: कथन 2 सही है।**

- चिश्तियों ने न केवल **समा** में स्थानीय भाषाओं को अपनाया बल्कि दिल्ली में लोगों की भाषा **हिंदवी** में भी बातचीत की। **अत: कथन 3 सही है।**

**9. D**

**व्याख्या:**

- **इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (IPF)** एक फेफड़ों की बीमारी है जिसके कारण फेफड़ों में वायु कोष्ठक क्षतिग्रस्त और रेशेदार हो जाने से ऑक्सीजन का कुशलतापूर्वक आदान-प्रदान करने की उनकी क्षमता बाधित हो जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसमें फेफड़ों में एल्वियोली के आस-पास के **ऊतक मोटे एवं कठोर** हो जाते हैं।
- IPF का स्पष्ट कारण अज्ञात है इसलिये इसे "इडियोपैथिक" कहा जाता है जिसका अर्थ है अस्पष्टीकृत।
- IPF **पुरुषों एवं वर्तमान या पूर्व में धूम्रपान करने वालों** के बीच अधिक सामान्य है। यह आमतौर पर 50 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को प्रभावित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके अन्य जोखिम कारकों में आनुवंशिक कारक, सिगरेट पीने जैसे जोखिम और वायरल संक्रमण शामिल हैं।

**10. B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में कैलिफोर्निया के मालिबू में फ्रैंकलिन फायर नामक विनाशकारी वनाग्नि देखी गई। फ्रैंकलिन फायर की विनाशकारिता के पीछे "सांता एना" पवनों और जलवायु परिवर्तन की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
- अक्तूबर और जनवरी के बीच चलने वाली ये पवनें एक दाब प्रणाली द्वारा संचालित होती हैं, जहाँ ग्रेट बेसिन पर उच्च दाब और कैलिफोर्निया तट पर निम्न दाब के कारण अंतर्देशीय मरुस्थलों से प्रशांत महासागर की ओर तीव्र पवनें चलती हैं।
- **कैलिफोर्निया का तटीय शहर मालिबू** अपनी शुष्क परिस्थितियों, वन्य-भूमि-शहरी अंतर्संबंधों की उपस्थिति, तथा सांता एना पवनों के प्रभाव के कारण ऐसी आग के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है।
- जबकि **केपटाउन, एथेंस और सिडनी भी अपनी-अपनी जलवायु के कारण वनाग्नि के खतरों का सामना** करते हैं, **सांता एना पवनें कैलिफोर्निया में वनाग्नि के लिये एक अद्वितीय और निर्णायक कारक हैं।**

  **अत: विकल्प B सही है।**

**11. A**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 66** उपराष्ट्रपति पद के लिये योग्यताओं का विवरण देता है, जिसमें भारतीय नागरिकता, न्यूनतम आयु **35 वर्ष** और **राज्यसभा** चुनाव के लिये पात्रता की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद 67(b)** में कहा गया है कि यदि **राज्यसभा** के सभी तत्कालीन सदस्यों का प्रभावी बहुमत एक प्रस्ताव पारित करता है, तो उपराष्ट्रपति को हटाया जा सकता ह , जिसे 14 दिनों के नोटिस के साथ लोकसभा द्वारा भी अनुमोदित किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान **उपराष्ट्रपति** के लिये वेतन का निर्धारण नहीं करता है, जो **राज्यसभा के पदेन सभापति** के रूप में अपनी क्षमता के अनुसार वेतन प्राप्त करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**12. C**

**व्याख्या:**

- **नीति आयोग** द्वारा जनवरी 2018 में शुरू किये गए **आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम** का उद्देश्य भारत के 112 ज़िलों को बदलना है, जिसमें पाँच प्रमुख विषयों (स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, तथा बुनियादी ढाँचा) पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें 81 विकास संकेतकों पर प्रगति मापी गई है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **नीति आयोग** ने देश भर के **आकांक्षी ज़िलों और ब्लॉकों** में 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता प्राप्त करने के लिये 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक 3 महीने का अभियान '**संपूर्णता अभियान**' शुरू किया। **अतः कथन 2 सही है।**

**13. B**

**व्याख्या:**

- **यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को हल करने के लिये 10 या उससे अधिक कर्मचारियों** वाले कार्यस्थलों पर नियोक्ताओं द्वारा आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का गठन किया जाना चाहिये **और** इसमें साक्ष्य एकत्र करने के लिये सिविल न्यायालयों की शक्तियाँ हों। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जिन संगठनों में 10 से कम **कर्मचारी हों या कोई आंतरिक समिति न हो, वहाँ** शिकायतों के निपटान के लिये **ज़िला अधिकारी** द्वारा एक स्थानीय समिति (LC) गठित की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**14. A**

**व्याख्या:**

- **माल्डोवा** एक **स्थलरुद्ध देश है** जिसकी सीमा **पूर्व में यूक्रेन तथा पश्चिम में रोमानिया** से लगती है।
- **यह बाल्कन प्रायद्वीप के उत्तरपूर्वी भाग** में स्थित है तथा इसका अधिकांश भू-भाग **घुमावदार प्रुत और नीसतर नदियों** के बीच स्थित है।
    - बाल्कन प्रायद्वीप दक्षिण-पूर्वी यूरोप में है और माल्डोवा कार्पेथियन पर्वत के पूर्व में स्थित है।
- माल्डोवा की रणनीतिक स्थिति और क्षेत्र के साथ इसके ऐतिहासिक संबंध इसे उपर्युक्त विशेषताओं हेतु सबसे उपयुक्त बनाते हैं।

**15. C**

**व्याख्या:**

- सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (MFN) का दर्जा एक व्यापार व्यवस्था को संदर्भित करता है जिसमें **एक देश दूसरे देश को गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार शर्तें** यह सुनिश्चित करते हुए प्रदान करता है कि प्राप्तकर्त्ता देश को अन्य व्यापारिक भागीदारों की तुलना में नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा। **अतः कथन I सही है।**
- MFN का सिद्धांत **विश्व व्यापार संगठन (WTO)** के लिये केंद्रीय है, जहाँ यह अनिवार्य है कि यदि कोई देश WTO के किसी एक सदस्य को विशेष व्यापार शर्तें प्रदान करता है, तो वही शर्तें अन्य सभी WTO सदस्यों पर भी लागू होनी चाहिये।
- महत्त्वपूर्ण बात यह है कि **MFN का तात्पर्य अधिमान्य व्यवहार से नहीं है; बल्कि, यह व्यापार संबंधों में समान व्यवहार की गारंटी प्रदान** करता है। **अतः कथन II सही नहीं है।**
- हालाँकि, MFN सिद्धांत के अपवाद भी हैं। देश मुक्त व्यापार समझौते (FTA) या क्षेत्रीय व्यापार समझौते (RTA) में प्रवेश कर सकते हैं, जहाँ वे गैर-सदस्यों को छोड़कर समझौते के सदस्यों को विशेष व्यापार रियायतें प्रदान करते हैं।

**अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।**

**16. C**

**व्याख्या:**

- **किसी भारतीय सूचीबद्ध कंपनी में 10% या उससे अधिक** का कोई भी विदेशी निवेश FDI के रूप में योग्य है, जबकि 10% से कम निवेश को FDI के रूप में वर्गीकृत होने के लिये एक वर्ष के भीतर 10% की सीमा तक हो जाना चाहिये; अन्यथा, उन्हें **पोर्टफोलियो निवेश के रूप में माना जाता है। अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **भारत में FDI विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA)** 1999 द्वारा शासित है , और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत **उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा प्रशासित है। अतः कथन 2 सही है।**
- क्षेत्रों के अंतर्गत FDI की अनुमति या तो **स्वचालित मार्ग या सरकारी मार्ग से दी जाती है।** स्वचालित मार्ग द्वारा FDI के तहत, अनिवासी या भारतीय कंपनी को भारत सरकार से किसी भी अनुमोदन की **आवश्यकता नहीं होती है। अतः कथन 3 सही है।**
  - जबकि, सरकारी मार्ग के तहत निवेश से पहले भारत सरकार से अनुमोदन आवश्यक है।

17. D

**व्याख्या:**

- **तीसरे न्यायाधीश मामले (1998)** के अनुसार, **भारत के मुख्य न्यायाधीश को** उच्च न्यायालय में नियुक्तियों के लिये **सर्वोच्च न्यायालय** के दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम से परामर्श करना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का स्थानांतरण** भारत के संविधान के **अनुच्छेद 222 के** तहत किया जाता है, जो वर्ष 1998 में स्थापित **प्रक्रिया ज्ञापन (MoP) में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करता है**, जो 6 अक्तूबर, 1993 (द्वितीय न्यायाधीशों का मामला) के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले और 28 अक्तूबर, 1998 (तृतीय न्यायाधीशों का मामला) की सलाहकार राय पर आधारित है। वर्तमान MoP के अनुसार, **भारत के मुख्य न्यायाधीश** सर्वोच्च न्यायालय के **चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों** के परामर्श के साथ स्थानांतरण प्रस्ताव शुरू करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

18. A

**व्याख्या:**

- **ब्रह्मपुत्र नदी** तिब्बत में सिंधु और सतलज के स्रोतों के नज़दीक **चेमायुंगडुंग ग्लेशियर के पास से निकलती है, इसे यारलुंग त्सांगपो के नाम से जाना जाता है।** यह अरुणाचल प्रदेश और बाद में असम में भारत में प्रवेश करने से पहले तिब्बत से पूर्व की ओर प्रवाहित होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ब्रह्मपुत्र एक **हैंगिंग रिवर है** , जिसका अर्थ है कि यह प्रायः **विभिन्न चैनलों में विभाजित हो जाती है** और पुनः जुड़ जाती है। यह परिघटना नदी द्वारा किये गए उच्च अवसादन भार और इसके परिवर्तनशील प्रवाह के परिणाम है। यह असम घाटी में सबसे प्रमुख नदी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

19. A

**व्याख्या:**

- हिंडन नदी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर ज़िले में **निम्न शिवालिक श्रेणी** से निकलती है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र से होकर बहती है तथा नोएडा में **यमुना में मिलने से पहले 400 किलोमीटर की दूरी तय करती है।**
- नदी की प्रमुख सहायक नदियों में शामिल हैं: **काली (पश्चिम) नदी और कृष्णी नदी।**
- ऐतिहासिक रूप से, हिंडन नदी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में **कृषि** और **मत्स्य पालन के लिये उपयोगी रही है। लेकिन औद्योगिकीकरण** तथा **शहरीकरण ने** इसके पारिस्थितिक संतुलन को नष्ट कर दिया है।
- वर्ष 2015 में **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने** हिंडन नदी को **"मृत नदी"** घोषित कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि इसमें प्रदूषण का स्तर अत्यधिक है, विभिन्न भागों में यह स्नान के लिये अनुपयुक्त है।
  - मृत नदी वह जल निकाय है जो अत्यधिक प्रदूषण या पर्यावरणीय क्षरण के कारण **जलीय जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यों को सहारा देने की अपनी क्षमता खो चुकी है।**

**अतः विकल्प A सही है।**

20. B

**व्याख्या:**

- **हाल ही में दिल्ली के यमुना जैवविविधता पार्क में रॉटन फ्री-टेल्ड बैट** (*ओटोमॉप्स रॉटनी*) नामक एक **दुर्लभ चमगादड़ की प्रजाति** देखी गई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **IUCN: "अपर्याप्त आँकड़े" के रूप में सूचीबद्ध।**
  - **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची I** के अंतर्गत संरक्षित।
- **भौगोलिक वितरण:** यह मुख्य रूप से **पश्चिमी घाट** में एक ज्ञात प्रजनन कॉलोनी के साथ पाई जाती है।
  - **मेघालय की जैंतिया पहाड़ियों** में भी छोटी कॉलोनियाँ दर्ज की गईं **तथा कंबोडिया** में एक एकल व्यक्ति देखा गया।
- इसका आकार बड़ा होता है, इसके **कान इसके मुँह से आगे तक फैले हुए हैं, इसके फर दो रंगों वाले मखमली है** तथा यह अपनी **शक्तिशाली उड़ान क्षमताओं के लिये जाना जाता है।**
  - दिल्ली में लगभग 14 **चमगादड़ प्रजातियाँ पाई जाती हैं,** जिनमें से 4 को **स्थानीय रूप से विलुप्त माना जाता है: भारतीय फाल्स वैम्पायर, ब्लैक बियर्डेड टोम्ब बैट, इजिप्टियन फ्री टेल्ड बैट** और **इंडियन पिपिस्ट्रेल।**

**अत: विकल्प B सही है।**

**21. C**

**व्याख्या:**

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (PNGRB):**

- इसका गठन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 के तहत किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना, पेट्रोलियम से संबंधित गतिविधियों को विनियमित करना एवं प्रतिस्पर्द्धी बाज़ारों को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- PNGRB, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (CGD) नेटवर्क तथा प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों को अधिकृत करने के साथ टैरिफ निर्धारित करता है तथा तकनीकी और सुरक्षा मानक स्थापित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**22. D**

**व्याख्या:**

- आर्थिक संघ एक ऐसा साझा बाज़ार है जहाँ सदस्य देश **व्यापक आर्थिक और विनिमय दर नीतियों** का समन्वय करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- साझा बाज़ार एक **सीमा शुल्क संघ** है जहाँ सदस्य देशों के बीच उत्पादन के कारकों की आवाजाही अपेक्षाकृत मुक्त होती है **अत: कथन 2 सही है।**
- **कस्टम यूनियन** एक मुक्त व्यापार समझौता है जिसके तहत सदस्य देश गैर-सदस्यों से आयात पर एक सामान्य बाह्य टैरिफ (CET) लागू करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**23. A**

**व्याख्या:**

- **सामान्य मुररे:**
  - ये **काले और सफेद समुद्री पक्षी हैं** (जिन्हें अक्सर "उड़ने वाले पेंगुइन" के रूप में वर्णित किया जाता है)। ये दिखने में कुछ हद तक पेंगुइन जैसे होते हैं और अलास्का में सबसे अधिक संख्या में पाए जाने वाले समुद्री पक्षियों में शामिल हैं।
  - ये उत्तरी गोलार्द्ध के **सबसे अधिक गहराई तक गोता लगाने वाले पक्षी** हैं जो 600 फीट गहराई तक गोता लगाते हैं।
- **आईयूसीएन स्थिति: कम चिंताजनक।**
- "द ब्लॉब" नामक एक समुद्री उष्ण लहर (MHW) से वर्ष 2014 से 2016 के बीच अलास्का के 4 मिलियन कॉमन मुररे समुद्री पक्षियों की मृत्यु हुई।
  - यह जंगली पक्षी या स्तनपायी में किसी एक प्रजाति की **सबसे बड़ी प्रलेखित मृत्यु** थी।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**24. B**

**व्याख्या:**

- **मनरेगा योजना** के तहत केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा क्रमश: 90:10 के अनुपात में वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार कृषि श्रम हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-AL) का उपयोग कर मनरेगा के अंतर्गत मज़दूरी दर अधिसूचित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- डॉ. नागेश सिंह समिति ने मनरेगा मज़दूरी को CPI-कृषि श्रमिक के बजाय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) ग्रामीण के अनुसार निर्धारित करने की सिफारिश की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**25. A**

**व्याख्या:**

- **सैनिटरी एंड फाइटोसैनिटरी उपायों के अनुप्रयोगों पर समझौता ("SPS समझौता") 1 जनवरी 1995 को विश्व व्यापार संगठन** की स्थापना के साथ लागू हुआ। यह समझौता खाद्य सुरक्षा तथा पशु एवं पादप स्वास्थ्य विनियमों के अनुप्रयोग पर केंद्रित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **SPS समझौता सरकारों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों, दिशा-निर्देशों और सिफारिशों के अनुरूप राष्ट्रीय SPS उपाय** स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। **इस प्रक्रिया को अक्सर "हर्मोनाइज़ेशन"** के रूप में संदर्भित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **विश्व व्यापार संगठन** स्वयं इन मानकों को नहीं बनाता **है बल्कि यह** अन्य अंतर्राष्ट्रीय निकायों में भागीदारी के माध्यम से **इनके विकास की सुविधा** प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**26. D**

**व्याख्या:**

- **हैलुसिनोजन:** हैलुसिनोजन के उपयोग से मनुष्य की अनुभूति में परिवर्तन आता है, जिससे **भावनात्मक उतार-चढ़ाव, व्यामोह, भ्रम और उलझन जैसी समस्याएँ** होती हैं। हालाँकि ये **शारीरिक रूप से व्यसनकारी नहीं** हैं, लेकिन वे **स्थायी मनोवैज्ञानिकहानि पहुँचा** सकती हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **ओपिओइड:** अपने **दर्द निवारक और उत्साहवर्धक प्रभावों के लिये** जाने जाने वाले, **अफीम** जैसे ओपिओइड अत्यधिक नशे की लत वाले होते हैं और साथ ही इनके सामाजिक और स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **कैनबिस : कैनबिस सैटिवा (Cannabis sativa) पौधे से प्राप्त** कैनाबिस का उपयोग प्राय: **मारिजुआना, हशीश और हैश ऑयल** जैसे रूपों में किया जाता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- प्रत्येक मादक पदार्थ केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को अलग-अलग तरीके से प्रभावित करता है। मतिभ्रमक पदार्थ धारणा और अनुभूति को बदल देते हैं, ओपिओइड अवसादक हैं जो दर्द को कम करते हैं, और कैनबिस, अद्वितीय होने के बावजूद उत्तेजक और अवसादक दोनों के साथ विशेषताओं को साझा करता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**27. C**

**व्याख्या:**

- **सिंधुदुर्ग** तथा **विजयदुर्ग, मराठा काल के दौरान निर्मित प्रमुख तटीय किले** हैं, जिन्होंने **मराठा नौसैनिक प्रतिरोध में महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाई थी।
- **सिंधुदुर्ग,** जिसे **"समुद्र का किला"** भी कहा जाता है, का **निर्माण छत्रपति शिवाजी महाराज** ने **महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग ज़िले में** मालवन के तट पर कराया था।
  - वर्ष 1664 से 1667 के बीच निर्मित इस किले को रणनीतिक रूप से एक चट्टानी द्वीप पर रखा गया था, ताकि यह मराठा नौसैनिक अभियानों के लिये आधार के रूप में कार्य कर सके और पश्चिमी तटरेखा को विदेशी खतरों से रक्षा कर सके।
  - इसकी उल्लेखनीय इंजीनियरिंग विशेषताओं में 32 टावर, एक गुप्त प्रवेश द्वार और पास के गाँव तक जाने वाला एक पानी के नीचे का मार्ग शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **विजयदुर्ग**, जिसे मूलतः **'घेरिया' उपनाम** से जाना जाता था, का **निर्माण 12वीं शताब्दी** में **शिलाहार राजवंश** द्वारा किया गया था और बाद में **वर्ष 1653 में शिवाजी महाराज** ने इस पर अधिकार कर लिया था।
    - **जीत के प्रतीक के रूप** में इसका नाम बदलकर **'विजय दुर्ग'** कर दिया गया। गिरी गाँव में स्थित यह किला पुर्तगालियों और अन्य औपनिवेशिक शक्तियों के विरुद्ध मराठों की समुद्री रक्षा के लिये एक महत्वपूर्ण गढ़ बन गया।
- **दोनों किले पश्चिमी तट पर मराठा साम्राज्य के नौसैनिक प्रभुत्व के अभिन्न अंग थे।**

    **अतः विकल्प C सही है**

**28. A**

**व्याख्या:**

**कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर संसदीय स्थायी समिति ( PSC ) :**

- **परिचय:** कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर संसदीय स्थायी समिति संसद को कृषि, पशुपालन तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित नीतियों, कानूनों एवं मुद्दों की समीक्षा व देख-रेख में सहायता करती है।
    - इसका गठन **लोकसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 331C के अंतर्गत किया गया है। अतः कथन 1 सही है।**
- **अधिकार क्षेत्र:** इसे भारत सरकार के निम्नलिखित मंत्रालयों/ विभागों के कामकाज की जाँच और निगरानी का कार्य सौंपा गया है:
- **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
    - कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
    - कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग
- **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
    - पशुपालन और डेयरी विभाग
    - मत्स्य विभाग
- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय**
- **सहकारिता मंत्रालय**
- **संरचना:** इसमें कुल 31 सदस्य होते हैं, जिसमे से लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नामित 21 सदस्य लोकसभा से तथा सभापति द्वारा नामित 10 राज्य सभा से होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष द्वारा समिति के सदस्यों में से की जाती है।
- **सदस्यों का कार्यकाल:** समिति के सदस्यों का कार्यकाल **एक वर्ष से अधिक नहीं होता है।**
- हाल ही में कृषि, पशुपालन एवं खाद्य प्रसंस्करण पर **संसदीय स्थायी समिति ( PSC )** ने **18वीं लोकसभा** में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों (2024-25) पर अपनी पहली प्रस्तुत की है।
    - इसके द्वारा किसानों के कल्याण में सुधार के क्रम में कई सिफारिशें की गईं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**29. A**

**व्याख्या:**

- वर्तमान में भारत **100 से अधिक देशों को निर्यात करता है**, वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात के लिये **शीर्ष तीन गंतव्य अमेरिका, फ्राँस और आर्मेनिया हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत के रक्षा निर्यात में प्रमुख उपकरण:**
    - **ब्रह्मोस मिसाइलें: भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस** सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप सौंपी, जिसके लिये उसने तीन तट-आधारित, एंटी-शिप मिसाइल बैटरियों के लिये **375 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। अतः कथन 2 सही नहीं है**
        - **आसियान** देश तथा कुछ **खाड़ी देश ब्रह्मोस मिसाइलें** हासिल करने में रुचि दिखा रहे हैं।
    - **डोर्नियर-228 विमान:** भारत विभिन्न देशों को **डोर्नियर-228 विमान** का निर्यात करता है, जो रक्षा एवं नागरिक अनुप्रयोगों हेतु एक बहुमुखी एवं विश्वसनीय विमान है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **सहायक विमान भाग:** भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखला एवं ऑफसेट प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में **बोइंग** तथा **लॉकहीड मार्टिन** जैसे रक्षा क्षेत्र के दिग्गजों को **विमान के सहायक उपकरण** निर्यात करता है।
- **सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण:** भारत रक्षा अनुप्रयोगों के लिये **फ्राँस को सॉफ्टवेयर** एवं **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्यात** करता है।
- **155mm तोपें:** भारत **आर्मेनिया** जैसे देशों को **155mm तोपें निर्यात कर रहा है,** जिससे उन्नत तोपखाना प्रणालियों के उत्पादन में इसकी क्षमताओं पर प्रकाश पड़ता है।
- **आकाश मिसाइल प्रणाली:** आकाश **वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली** (जिसमें इसका संस्करण **आकाश-1S भी शामिल है**) की निर्यात में प्रमुख भूमिका रही है, जिसका **आर्मेनिया** पहला अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक है।
- **पिनाका: पिनाका बहु-प्रक्षेपण रॉकेट प्रणालियों के** निर्यात में **आर्मेनिया** प्रमुख खरीदार है।

30. B

**व्याख्या:**

- पैंगोलिन सबसे अधिक तस्करी किये जाने वाला **स्तनधारी जीव हैं, एशिया और अफ्रीका में इनके मांस तथा शल्कों** की बहुत अधिक मांग है, मुख्य रूप से गठिया, अर्थराइटिस एवं त्वचा संबंधी रोगों के उपचार के लिये पारंपरिक चिकित्सा में इनका उपयोग किया जाता है।
- **पैंगोलिन प्रजातियाँ:** पैंगोलिन की आठ प्रजातियाँ हैं, जो दो महाद्वीपों में पाई जाती हैं:
  - **अफ्रीका: ब्लैक-बेल्ड पैंगोलिन, व्हाइट-बेल्ड पैंगोलिन, जाइंट ग्राउंड पैंगोलिन और टेम्मिंक्स ग्राउंड पैंगोलिन।**
  - **एशिया: भारतीय पैंगोलिन (मैनिस क्रैसिकाउडेटा), चीनी पैंगोलिन (मैनिस पेंटाडैक्टाइला), फिलीपीन पैंगोलिन और सुंडा पैंगोलिन। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **संरक्षण स्थिति:** इन प्रजातियों की संरक्षण स्थिति **संवेदनशील से लेकर गंभीर रूप से संकटग्रस्त तक है।**
  - **वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (Convention on International Trade in Endangered Species- CITES) के तहत पैंगोलिन के व्यापार पर प्रतिबंध है तथा उन्हें IUCN रेड लिस्ट के परिशिष्ट में सूचीबद्ध किया गया हैं।**
  - भारत में भारतीय और चीनी दोनों पैंगोलिन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची 1 के तहत संरक्षित हैं, जो इसके शिकार, व्यापार या किसी अन्य प्रकार के उपयोग पर प्रतिबंध लगाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

31. B

**व्याख्या:**

- इथियोपियाई **भेड़िया** एक **विशिष्ट कृंतक शिकारी है जो अफ्रीकी-अल्पाइन पारिस्थितिकी तंत्र का मूल जीव है और विशेष रूप से इथियोपियाई हाइलैंड्स** में पाया जाता है।
  - ये उच्च तुंगता वाले क्षेत्र, जिन्हें प्राय: "**आकाश द्वीप**" कहा जाता है, **उष्णकटिबंधीय वनों के ऊपर विस्तृत पर्वतीय क्षेत्र हैं,** जो लगभग 3,200 मीटर की ऊँचाई पर एक अद्वितीय एवं कठोर वातावरण प्रदान करते हैं।
- इथियोपियाई भेड़िया **विभिन्न प्रकार के छोटे कृन्तकों का भक्षण करता है** लेकिन यह परागण में भी एक अहम भूमिका निभाता है।
  - इथियोपियाई भेड़िया, **इथियोपियाई रेड हॉट पोकर फूलों के रस का सेवन करता है,** जो एक लाल और पीले रंग का फूल है जो मीठा पराग उत्पन्न करता है और अनेक परागणकों को आकर्षित करता है।
- वह अपने मुँह के आगे वाले भाग पर पराग स्थानांतरित करके परागण में सहायता करता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**32. C**

**व्याख्या:**

- **कर बॉयंसी को कर राजस्व की वृद्धि दर और सकल घरेलू उत्पाद** की वृद्धि दर के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह अर्थव्यवस्था के उत्पादन में परिवर्तन के लिये कर राजस्व की अनुक्रियाशीलता को मापता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - 1 से अधिक उछाल यह दर्शाता है कि कर प्रणाली अनुक्रियात्मक और कुशल है।
- जब कोई कर बॉयंट होता है, तो आर्थिक विकास, बेहतर अनुपालन और कर आधार की लोच के कारण **कर की दर बढ़ाए बिना ही उसका राजस्व बढ़ जाता है।**
    - जैसे-जैसे GDP बढ़ती है, **उच्च आय, उपभोग में वृद्धि और** अर्थव्यवस्था का अधिक औपचारिकीकरण कर संग्रह में स्वाभाविक वृद्धि की ओर ले जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**33. A**

**व्याख्या::**

- **चौधरी चरण सिंह** एक प्रमुख भारतीय राजनीतिज्ञ और किसान नेता थे, जिनका जन्म वर्ष 1902 में उत्तर प्रदेश में हुआ था।
    - उन्होंने वर्ष 1979-80 में भारत के पाँचवें प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे।
- कृषि सुधारों के समर्थक, उन्होंने किसानों के लिये **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** की वकालत की और कृषि बाज़ारों को मज़बूत करने के लिये **कृषि उपज विपणन विधेयक (1938)** सहित कई विधायी उपाय पेश किये।
- ग्रामीण विकास में उनके योगदान में नाबार्ड की स्थापना और ग्रामीण विकास को एक पूर्ण मंत्रालय का दर्जा देना शामिल है।
- **किसान दिवस 23 दिसंबर** को किसानों के सम्मान और **श्री चौधरी चरण सिंह** की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- उन्होंने '**ज़मींदारी उन्मूलन**', '**कोऑपरेटिव फार्मिंग एक्स-रेड**', 'इंडिया पावर्टी एंड इट्स सॉल्यूशन', 'किसान स्वामित्व या श्रमिकों के लिये भूमि' और 'प्रिवेंशन ऑफ डिविज़न ऑफ होल्डिंग बिलो अ सर्टेन मिनिमम' जैसी प्रभावशाली पुस्तकें लिखीं।

**अत: विकल्प A सही है।**

**34. C**

**व्याख्या:**

- GDP किसी निश्चित समयावधि में अर्थव्यवस्था में उत्पादित **अंतिम वस्तुओं और सेवाओं** के कुल मूल्य को दर्शाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि केवल वे वस्तुएँ ही शामिल की जाएँ जिन्हें आगे संसाधित नहीं किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बाज़ार मूल्य पर **GDP की गणना विशेष रूप से GDP को GVA** से **करों को जोड़कर** और **सब्सिडी को घटाकर की जाती है**। यह GDP को GVA से अधिक बनाता है, जब कर सब्सिडी से अधिक होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**35. B**

**व्याख्या:**

- लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (SFAC) की स्थापना वर्ष 1994 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- SFAC मूल्यवर्द्धित प्रसंस्करण और विपणन संबंधों के लिये अपनी उद्यम पूंजी सहायता (VCA) योजना के माध्यम से छोटे कृषि व्यवसाय के विकास को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - VCA योजना में से एक, जो कृषि व्यवसायों को समर्थन देने पर केंद्रित है, विशेष रूप से मूल्य-वर्द्धित प्रसंस्करण और विपणन संबंधों के विकास से संबंधित।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**36. C**

**व्याख्या:**

- **क्वांटम एंटैंगलमेंट क्वांटम भौतिकी में** एक मौलिक अवधारणा है, जहाँ दो या दो से अधिक कण इस तरह से परस्पर जुड़ जाते हैं कि एक कण की स्थिति दूसरे कण की स्थिति से सीधे प्रभावित होती है, चाहे उनके बीच कितनी भी दूरी हो।
- यह घटना **स्थानीयता की पारंपरिक भौतिकी की धारणा को चुनौती देती है, क्योंकि एक कण में परिवर्तन प्रतिरूप में त्वरित परिलक्षित होता है,** चाहे उनके बीच कितनी भी दूरी क्यों न हो।
- **क्वांटम कंप्यूटिंग, सुरक्षित क्वांटम संचार** और वास्तविकता की प्रकृति को समझने के लिये इसके महत्त्वपूर्ण निहितार्थ हैं ।
- **क्वांटम टेलीपोर्टेशन और क्वांटम क्रिप्टोग्राफी** जैसे हाल ही के अनुसंधान इस सिद्धांत पर काफी हद तक निर्भर हैं, जिससे यह अत्याधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान का विषय बन गया है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**37. D**

**व्याख्या:**

- **नॉर्दर्न जायंट हॉर्नेट (*Vespa mandarinia*) विश्व का सबसे बड़ा हॉर्नेट** है, जिसकी **लंबाई 2 इंच** तक होती है।
  - यह हॉर्नेट, जो **हाइमेनोप्टेरा** (जिसमें मधुमक्खियाँ और चींटियाँ भी शामिल हैं) गण से संबंधित है, अपने बड़े, ठोस पीले या नारंगी सिर और काली आँखों से आसानी से पहचाना जा सकता है।
- **एशिया के मूल निवासी** इस प्रजाति को पहली बार वर्ष 2019 में कनाडा की सीमा के पास वाशिंगटन राज्य में देखा गया था।
- इसे आम तौर पर **"मर्डर हॉर्नेट"** कहा जाता है, क्योंकि इसका आक्रामक स्वभाव है और अन्य प्रजातियों, विशेषकर देशी परागणकों पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ता है।
  - नॉर्दर्न जायंट हॉर्नेट का एक समूह **मात्र 90 मिनट में पूरे मधुमक्खी के छत्ते (मधुमक्खी के आवास) को नष्ट** कर सकता है।
  - इन हॉर्नेट का विष **मधुमक्खी के विष से सात गुना अधिक शक्तिशाली होता है** तथा ये कई बार डंक मार सकते हैं, जिससे मनुष्यों तथा अन्य जानवरों के लिये गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।
- वे **अपने घोंसले वन क्षेत्रों में, प्राय: भूमिगत गुहाओं में बनाते हैं,** जिससे उनके आवासों का पता लगाना और उन पर नियंत्रण करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

**अत: विकल्प D सही है।**

**38. A**

**व्याख्या:**

- **पूर्ण आंतरिक परावर्तन (TIR)** वह सिद्धांत है जो प्रकाश को ऑप्टिकल फाइबर के भीतर सीमित रखने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - जब प्रकाश उच्च अपवर्तनांक वाले माध्यम (जैसे काँच) से कम अपवर्तनांक वाले माध्यम (जैसे वायु) में एक निश्चित कोण पर गुज़रता है, तो यह माध्यम से बाहर नहीं निकल सकता है, बल्कि पूरी तरह से वापस अंदर परावर्तित हो सकता है। इस प्रक्रिया को TIR के रूप में जाना जाता है।
- सूचना को **ऑप्टिकल सिग्नल में** तेज़, चमकती हुई प्रकाश तरंगों के रूप में एनकोड किया जाता है, जो आमतौर पर बाइनरी अंकों (शून्य और एक) को दर्शाती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - ये ऑप्टिकल सिग्नल ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से लंबी दूरी तक, प्राय: कई किलोमीटर तक, सिग्नल की गुणवत्ता में न्यूनतम हानि के साथ यात्रा करते हैं। गंतव्य पर पहुँचने पर, एक रिसीवर प्रेषित ऑप्टिकल सिग्नल से जानकारी को डिकोड करता है, मूल डेटा का पुनर्निर्माण करता है।

**39. D**

**व्याख्या:**

- **अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)** को पेरिस में COP21 के दौरान **भारत** के प्रधानमंत्री और **फ्राँस** के राष्ट्रपति द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- हालाँकि, सदस्यता उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बीच के देशों तक ही **सीमित नहीं है**। वर्ष 2018 में, ISA ने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को शामिल होने की अनुमति देने के लिये इसके ढाँचे में संशोधन किया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**40. B**

**व्याख्या:**

- 2016 में संसद के दोनों सदनों द्वारा **संवैधानिक ( 122वाँ संशोधन ) विधेयक पारित होने के बाद** वस्तु **एवं सेवा कर** **( GST )** व्यवस्था लागू हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- **संविधान के अनुच्छेद 279A के** तहत स्थापित GST परिषद केंद्र और राज्यों का एक संयुक्त मंच है। यह कर दरों, छूट और राजस्व बंटवारे जैसे प्रमुख GST मामलों पर निर्णय लेता है, जिससे कराधान के लिये एक सहकारी संघीय दृष्टिकोण सुनिश्चित होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय वित्त मंत्री GST परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले GST परिषद का सदस्य होता है।
  - प्रत्येक राज्य वित्त, कराधान मंत्री या किसी अन्य पदाभिहित मंत्री को GST परिषद का सदस्य नामित कर सकता है।

**41. B**

**व्याख्या:**

- भारत का **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ( NHRC )** देश में मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा के लिये स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
  - इसका गठन 12 अक्तूबर, 1993 को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम (PHRA), 1993 के तहत किया गया था, जिसे बाद में वर्ष 2006 और वर्ष 2019 में संशोधित किया गया था।
- **NHRC का गठन पेरिस सिद्धांतों के अनुसार किया गया था,** जो वर्ष 1991 में पेरिस में अपनाए गए अंतर्राष्ट्रीय मानक हैं तथा **वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुमोदित हैं,** जो विश्व भर में राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं (NHRI) के कामकाज का मार्गदर्शन करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- आयोग को **सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत सिविल न्यायालय के समतुल्य शक्तियाँ प्राप्त हैं,** जिनमें दस्तावेज़ों की खोज और प्रस्तुति का आदेश देना, शपथपत्रों के माध्यम से साक्ष्य प्राप्त करना, सार्वजनिक अभिलेखों की मांग करना, गवाहों की जाँच के लिये कमीशन जारी करना, तथा प्रासंगिक कानूनों द्वारा निर्धारित किसी भी अतिरिक्त शक्तियों का प्रयोग करना शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NHRC सरकार को केवल सिफारिशें दे सकता है, जो **कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं** हैं। **एक वैधानिक निकाय होने के नाते इसके निर्णयों को लागू करने या अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये कोई कानूनी अधिकार नहीं है,** जिससे इसकी प्रभावशीलता सीमित हो जाती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**42. C**

**व्याख्या:**

- **गर्म जल के चश्मे:** यह तब उत्पन्न होते हैं जब **भू-तापीय ऊर्जा से भूजल गर्म होकर सतह पर आ जाता है।** ज्वालामुखीय क्षेत्रों में, जल मैग्मा से ऊष्मित शैल के संपर्क में आता है, जिससे अत्यधिक कोष्ण जल उत्पन्न होता है।
  - गैर-ज्वालामुखी क्षेत्रों में, भूतापीय ढाल के कारण जल इतनी गहराई तक संचरित होता है कि वह गर्म शैलों से संपर्क कर सतह तक पहुँच जाता है।
  - **उत्तराखंड में स्थित गौरीकुंड** गर्म जल के चश्मे का एक प्रसिद्ध उदाहरण है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **गीज़र:** ये जियोथर्मल संरचनाएँ हैं जिनसे **भूमिगत तापन के कारण समय-समय पर जल और भाप बाहर निकलती है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- ज्वालामुखी क्षेत्रों में, भूमिगत गुहाओं में बड़ी मात्रा में भूजल भर जाता है और मैग्मा से ऊष्मित होकर जल भाप में बदल जाता है, जिससे गर्म जल और भाप का विस्फोट होता है।
- **संयुक्त राज्य अमेरिका के येलोस्टोन नेशनल पार्क** में कई प्रसिद्ध गीज़र मौजूद हैं। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**

- **फ्यूमरोल्स:** ये भू पर्पटी के वे विवृत क्षेत्र हैं जिसमें से **ज्वालामुखीय गैसें और भाप निकलती है।**
  - फ्यूमरोल्स तब उत्पन्न होते हैं जब मैग्मा भूजल के साथ क्रिया करता है, जिससे भाप और हाइड्रोजन सल्फाइड जैसी गैसें उत्पन्न होती हैं।
  - **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित बैरन द्वीप**, एक सक्रिय ज्वालामुखी है जिसमें धुआँ निकलता है, जो इसे एक उपयुक्त उदाहरण बनाता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

**अतः विकल्प C सही है।**

**43. A**

**व्याख्या:**

- **माइटोकॉन्ड्रिया** अधिकांश **यूकेरियोटिक कोशिकाओं** के कोशिका द्रव्य में पाए जाने वाले झिल्ली से बंधे हुए कोशिकांग हैं। अधिकांश अन्य अंगों के विपरीत, माइटोकॉन्ड्रिया का अपना DNA होता है, जिसे **mtDNA** के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **कोशिका के "पावरहाउस"** के रूप में संदर्भित माइटोकॉन्ड्रिया विभिन्न कोशिकीय प्रक्रियाओं के लिये आवश्यक ऊर्जा के उत्पादन के लिये आवश्यक हैं।
  - माइटोकॉन्ड्रिया विशेष रूप से अंडे की कोशिका के माध्यम से माँ से विरासत में मिलता है।
- **माइटोकॉन्ड्रियल DNA (mtDNA):** mtDNA विलोपन उत्परिवर्तन के प्रति संवेदनशील होता है, जहाँ DNA के कुछ भाग नष्ट हो जाते हैं। इन उत्परिवर्तनों का कोशिकीय कार्य पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - mtDNA में विलोपन उत्परिवर्तन अणु को छोटा और कम कार्यात्मक बनाता है। उत्परिवर्तित mtDNA प्रतिकृतिकरण के दौरान **स्वस्थ mtDNA से प्रतिस्पर्द्धा** कर सकता है, जिसके कारण **माइटोकॉन्ड्रियल कार्य में धीरे-धीरे गिरावट** आ सकती है।

**44. B**

**व्याख्या:**

- प्रथम न्यायाधीश मामले (1981) में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि न्यायिक नियुक्तियों में भारत के राष्ट्रपति के पास अंतिम प्राधिकार है और उन्हें परामर्श प्राप्त न्यायाधीशों की सलाह मानने की आवश्यकता नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **द्वितीय न्यायाधीश मामले (1993)** में सर्वोच्च **न्यायालय ने** फैसला सुनाया था कि उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश की नियुक्ति तब तक नहीं की जा सकती, जब तक कि वह भारत के मुख्य न्यायाधीश की राय के अनुरूप न हो।
- **तृतीय न्यायाधीश मामले (1998)** में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश को सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम से परामर्श करना चाहिये। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **तृतीय न्यायाधीश मामले** में सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को स्थानांतरित करते समय, भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कोलेजियम के साथ-साथ उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों से परामर्श करना चाहिये, जहाँ से न्यायाधीश को स्थानांतरित किया जा रहा है और वह उच्च न्यायालय जहाँ न्यायाधीश को नियुक्त किया जा रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**45. D**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार अधिनियम 1935 के तहत शिक्षा मूल रूप से भारत में **राज्य सूची** का विषय थी। **हालाँकि, 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 के तहत** शिक्षा को समवर्ती सूची में शामिल किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इस प्रकार अब केंद्र और राज्य, दोनों सरकारें शिक्षा से संबंधित मामलों पर कानून बना सकती हैं।
- **86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा 6-14** वर्ष की आयु के बच्चों के लिये अनुच्छेद 21A के तहत शिक्षा के अधिकार को मूल अधिकार बनाया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसके द्वारा मूल अधिकारों के अंतर्गत **अनुच्छेद 21A** को शामिल किया गया, **जिससे छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों के लिये शिक्षा एक मूल अधिकार** बन गई तथा **नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा** का प्रावधान किया गया।
- **राज्य की नीति के निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) में अनुच्छेद 45 को** 6 वर्ष की आयु तक प्रारंभिक बाल्य देखभाल के साथ शिक्षा प्रदान करने हेतु राज्य की ज़िम्मेदारी पर जोर देने के लिये प्रतिस्थापित किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - इसके अतिरिक्त, अनुच्छेद 51A में संशोधन करके माता-पिता या अभिभावकों के लिये यह कर्त्तव्य शामिल किया गया कि वे 6 से 14 वर्ष की आयु के बीच के अपने बच्चों या आश्रितों के लिये शिक्षा के अवसर सुनिश्चित करें।

**46. B**

**व्याख्या:**

- लायन-टेल्ड मेकाक **पूर्वजगत बंदर हैं,** जो भारत के **पश्चिमी घाटों** में स्थानिक रूप से पाये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उनके प्रमुख आवासों में पश्चिमी घाट के **अनामलाई पहाड़ियाँ,** नेलियामपैथी, नीलांबुर घाट, **शोलायार,** गवी, **सबरीमाला, वल्लीमलाई पहाड़ियाँ और अगुम्बे शामिल हैं।**
- लायन-टेल्ड मेकाक के **काले फर** और सिर तथा ठोड़ी के चारों ओर **एक धूसर अयाल होता है जिसके कारण उन्हें "दाढ़ी वाले बंदर (Beard Ape)" भी कहा** जाता है।
- समूह के प्रमुख नर मेकाक अपने क्षेत्र में प्रवेश करते समय अन्य को सचेत करने के लिये **मानव-जैसी तेज़ 'आवाज़/उफ (Whoops)' का उपयोग** करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- ये प्रजाति के रूप में, वे पश्चिमी घाट में जैवविविधता, जो **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** है, का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं तथा आवास की हानि और विखंडन के कारण संरक्षण संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

**47. D**

**व्याख्या:**

- **फिलोसोफी नेचुरलिस प्रिंसिपिया मैथमेटिका (Philosophiæ Naturalis Principia Mathematica)** अंग्रेजी भौतिक विज्ञानी एवं गणितज्ञ सर आइज़क न्यूटन द्वारा लिखित एक पुस्तक है, जो पहली बार वर्ष 1687 में प्रकाशित हुई थी।
- लैटिन में लिखी गई इस पुस्तक का शीर्षक **"प्राकृतिक दर्शन के गणितीय सिद्धांत"** है। यह पुस्तक विज्ञान एवं गणित के इतिहास में एक आधारशिला है क्योंकि इसके द्वारा शास्त्रीय यांत्रिकी एवं सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण के नियम (जो सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं) की नींव रखी गई।
- इसे सबसे प्रभावशाली वैज्ञानिक कार्यों में से एक माना जाता है, जिससे **भौतिक विश्व को समझने हेतु प्रमुख गणितीय ढाँचा** मिला। इस पुस्तक ने **17वीं और 18वीं शताब्दी की वैज्ञानिक क्रांति को गहराई से प्रभावित करने** के साथ आधुनिक भौतिकी के भविष्य को आकार दिया।

**अत: विकल्प D सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**48. C**

**व्याख्या:**

**जल्लीकट्टू:**

- 2,000 वर्ष से अधिक पुराना, जल्लीकट्टू, तमिलनाडु का एक पारंपरिक खेल है जो मूल रूप से **उपयुक्त वर** का चयन करने के लिये आयोजित किया जाता था।
- जल्लीकट्टू को दर्शाती एक मुहर **सिंधु घाटी स्थल** पर पाई गई थी, जिसे राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में संरक्षित किया गया है। मदुरै के निकट एक 1500 वर्ष पुरानी गुफा चित्रकला में भी इस खेल को दर्शाया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह खेल भारत के एक जातीय समूह **अयार** से जुड़ा हुआ है, और इसका नाम **"जल्ली" (सिक्के) और "कट्टू" (बंधा हुआ)** से निकला है।
  - यह **मट्टू पोंगल दिवस (पोंगल का तीसरा दिन )** पर मनाया जाता है, जहाँ एक बैल को छोड़ दिया जाता है, और प्रतिभागी उसके **सींग पर बंधे सिक्के जीतने के लिये उसे वश में करते हैं।**
  - इस खेल में **पुलिकुलम या कंगायम नस्ल के बैलों** का उपयोग किया जाता है, जो प्रजनन और बाज़ार में बिक्री के लिये अत्यधिक मूल्यवान हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**49. C**

**व्याख्या:**

**सरदार उधम सिंह:**

- उधम सिंह 13 अप्रैल 1919 के जलियाँवाला **बाग हत्याकांड में जीवित** बचे थे, जहाँ **ब्रिटिश ब्रिगेडियर जनरल डायर के नेतृत्व में सेना ने** 400 से अधिक निहत्थे नागरिकों की हत्या कर दी थी।
- वह **वर्ष 1924** में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विदेशों में भारतीयों को संगठित करने के लिये **गदर पार्टी में** शामिल हुए।
- **13 मार्च 1940** को उधम सिंह ने लंदन के कैक्सटन हॉल में एक बैठक के दौरान **माइकल ओ' डायर की हत्या** कर दी।

**अत: विकल्प C सही है।**

**50. A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना:**

- यह वर्ष 2019 में शुरू की गई एक **केंद्रीय क्षेत्र की पेंशन योजना है, जिसे श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा प्रशासित किया जाता है,** तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) पेंशन फंड प्रबंधक के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह योजना 18 से 40 वर्ष की आयु के असंगठित श्रमिकों, जैसे स्ट्रीट वेंडर, घरेलू कामगार, निर्माण मज़दूर और कृषि श्रमिकों को लक्षित करती है, जिनकी मासिक **आय 15,000 रुपए तक है। अत: कथन 2 सही है।**
- **इस योजना के तहत श्रमिक के 60 वर्ष की आयु वाले श्रमिकों को 3,000 रुपए प्रति माह** पेंशन देने का वादा किया गया है। हालाँकि, यदि श्रमिक की मृत्यु 60 वर्ष से पहले हो जाती है, तो **उसके परिवार को कोई एकमुश्त भुगतान नहीं** किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**51. A**

**व्याख्या:**

**केन-बेतवा लिंक परियोजना:**

- यह नदियों को जोड़ने के क्रम में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (NPP) के तहत भारत की पहली पहल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य मध्य प्रदेश में केन नदी के अधिशेष जल को उत्तर प्रदेश की **बेतवा नदी में स्थानांतरित करना है,** यह दोनों ही **यमुना की सहायक नदियाँ** हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **परियोजना के चरण:**
  - **प्रथम चरण:** इसके तहत दौधन बाँध परिसर, निम्न-स्तरीय और उच्च-स्तरीय सुरंगों, केन-बेतवा लिंक नहर एवं बिजलीघरों का निर्माण शामिल है।
  - **चरण II:** इसके तहत ओर्र नदी (बेतवा की एक सहायक नदी) पर स्थित लोअर ओर्र बाँध, बीना कॉम्प्लेक्स परियोजना और कोठा बैराज का विकास शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें


UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :




52. C

**व्याख्या:**

**बायोडायवर्सिटी क्रेडिट:**

- बायोडायवर्सिटी क्रेडिट एक **सत्यापन योग्य, मात्रात्मक और विपणन योग्य वित्तीय साधन** है जो एक निश्चित अवधि में **भूमि या महासागर आधारित जैवविविधता इकाइयों** के निर्माण और बिक्री के माध्यम से सकारात्मक प्रकृति और जैवविविधता परिणामों (जैसे प्रजातियाँ, पारिस्थितिकी तंत्र और प्राकृतिक आवास) को पुरस्कृत करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **'बायोडायवर्सिटी क्रेडिट'** पहल की शुरुआत विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा पर्यावरण के लिये मात्रात्मक लाभ हेतु नए वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिये गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **क्रियाविधि:** बायोडायवर्सिटी क्रेडिट कार्बन क्रेडिट के समान कार्य करते हैं।
  - जब कोई **कंपनी या सरकार** जैवविविधता को हानि पहुँचाती है, तो वे **अन्यत्र संरक्षण प्रयासों** के लिये भुगतान करके **क्षतिपूर्ति** कर सकते हैं।
  - विचार यह है कि संरक्षण के लिये निजी वित्तपोषण को आकर्षित करते हुए **प्रतिपूरक कार्यों** के माध्यम से जैवविविधता को होने वाली **समग्र क्षति को संतुलित** किया जाए।

**53. B**

**व्याख्या:**

- संविधान के **अनुच्छेद 324(1)** में प्रावधान है कि मतदाता सूची तैयार करने का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण, साथ ही संसद, प्रत्येक राज्य के विधानमंडल और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति **(राज्यसभा सदस्यों के नहीं)** के पदों के लिये सभी चुनावों का संचालन संविधान में उल्लिखित निर्वाचन आयोग नामक निकाय में निहित होगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत का निर्वाचन आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय है। निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी।
- राष्ट्रपति मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करते हैं। उनका कार्यकाल **छह वर्ष या 65 वर्ष** की आयु तक होता है , जो भी पहले हो। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के समान ही दर्जा और वेतन तथा भत्ते प्राप्त होते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त को **सर्वोच्च न्यायालय** के न्यायाधीश के समान तरीके से और समान आधार पर पद से हटाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**54. B**

**व्याख्या:**

- **ब्लॉक पर्वतों** का निर्माण तब होता है, जब भूमि के बड़े हिस्से विघटित होकर **लंबवत रूप से विस्थापित हो जाते हैं। इन्हें फॉल्ट-ब्लॉक पर्वत भी कहा जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **भ्रंश या दरार के कारण ब्लॉक पर्वत** निर्मित होते हैं। जैसे, **सतपुड़ा और विंध्य पर्वत**।
- **स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट:** ये फॉल्ट तब बनते हैं जब विवर्तनिक प्लेट न्यूनतम ऊर्ध्वाधर गति के साथ क्षैतिज रूप से खिसकती है। उदाहरण के लिये डेनाली फॉल्ट। **अत: कथन 2 सही है।**
- **रिवर्स फॉल्ट (थ्रस्ट फॉल्ट):** ये फॉल्ट तब बनते हैं जब ऊपरी ब्लॉक ऊपर की बढ़ते हुए निचले ब्लॉक के ऊपर चला जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **नॉर्मल फॉल्ट:** ये फॉल्ट तब बनते हैं, जब एक चट्टान का ब्लॉक नीचे की ओर खिसक जाता है तथा पास के ब्लॉक से अलग हो जाता है। उदाहरण के लिये, पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट वैली।

**55. A**

**व्याख्या:**

- **अंकित प्रभावी विनिमय दर (NEER) एकाधिक व्यापारिक साझेदार मुद्राओं** के सापेक्ष किसी मुद्रा की द्विपक्षीय विनिमय दरों का भारित औसत है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह देशों के बीच मुद्रास्फीति या मूल्य स्तर के अंतर को ध्यान में रखे बगैर अंकित मुद्रा के सामर्थ्य को दर्शाता है।
- **वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (REER)** घरेलू अर्थव्यवस्था और उसके व्यापारिक भागीदारों के बीच **सापेक्ष मूल्य स्तरों (मुद्रास्फीति)** को समायोजित करके NEER में सुधार करती है।
  - REER की गणना NEER को घरेलू मूल्य सूचकांकों और विदेशी मूल्य सूचकांकों के अनुपात से गुणा करके की जाती है, जिससे यह **क्रय शक्ति समता (PPP)** - समायोजित माप बन जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- 100 से अधिक REER का अर्थ है आधार वर्ष (वर्ष 2015-16) की तुलना में अधिक मूल्यांकन जिससे निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता कम हो जाती है, जबकि 100 से कम का मान न्यूनतम मूल्यांकन को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**56. C**

**व्याख्या:**

- जीका वायरस **मुख्य रूप से एडीज़ मच्छरों के काटने से फैलता है**, जो दिन के समय सबसे अधिक सक्रिय होते हैं। जबकि अधिकांश संक्रमित व्यक्ति लक्षणहीन रहते हैं, जिनमें लक्षण विकसित होते हैं, उन्हें दाने, बुखार, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, अस्वस्थता और सिरदर्द का अनुभव होता है, जो आमतौर पर 2-7 दिनों तक रहता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **गर्भावस्था के दौरान जीका वायरस के संक्रमण से शिशुओं में माइक्रोसेफली (सिर का आकार कम होना) और अन्य जन्मजात समस्याएँ** उत्पन्न हो सकती हैं, साथ ही समय से पहले जन्म और गर्भपात जैसे खतरे भी बढ़ सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत में वर्ष 2016 में गुजरात राज्य से जीका का पहला मामला सामने आया था**। उसके बाद से, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और कर्नाटक जैसे कई अन्य राज्यों में भी मामले सामने आए हैं।

**57. A**

**व्याख्या:**

- सहकारी समिति एक **स्वैच्छिक संघ है** जो स्व-सहायता और पारस्परिक सहायता के माध्यम से आर्थिक हितों की सेवा के लिये बनाया गया है। भारत में सहकारी आंदोलन स्वतंत्रता युग के दौरान शुरू हुआ था।
- वर्ष 2011 के 97**वें संविधान संशोधन अधिनियम** ने सहकारी समितियों के गठन के अधिकार को **अनुच्छेद 19** के तहत एक मौलिक अधिकार बना दिया, सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिये एक निर्देशक सिद्धांत के रूप में **अनुच्छेद 43-B** पेश किया तथा संविधान में सहकारी समितियों के लिये एक नया खंड (अनुच्छेद 243-ZH से 243-ZT) जोड़ा गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत का सहकारी क्षेत्र कृषि ऋण वितरण में 20%, उर्वरक वितरण में 35%, उत्पादन में 21%, चीनी उत्पादन में 31%, गेहूँ खरीद में 13% तथा धान खरीद में 20% का योगदान देता है।
- **सहकारी आंदोलन द्वारा संचालित डेयरी क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.5% का** योगदान देता है तथा कृषि क्षेत्र के मूल्य का 24% हिस्सा है, यह लगभग 10 लाख करोड़ रुपए है, जो विश्व में सबसे अधिक है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**58. A**

**व्याख्या:**

- **भारत का निर्वाचन आयोग** लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और राष्ट्रपति चुनाव कराने के लिये ज़िम्मेदार है, **लेकिन पंचायत चुनाव नहीं,** जिन्हें संबंधित राज्य निर्वाचन आयोगों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत का संविधान मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और निर्वाचन आयुक्तों की **नियुक्ति की विस्तृत प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से रेखांकित नहीं** करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त को केवल सिद्ध दुर्व्यवहार या अक्षमता के आधार पर पद से हटाया जा सकता है,** और इसके लिये संसद के दोनों सदनों में बहुमत से प्रस्ताव पारित करने की आवश्यकता होती है, जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के समान है। **अतः कथन 3 सही है।**

**59. C**

**व्याख्या:**

- **लैग्रेंज बिंदु-1 (L1) सूर्य और पृथ्वी** के बीच स्थित है, जो पृथ्वी की कक्षा के अंदर लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- यह गुरुत्वाकर्षण संतुलन का एक बिंदु है जहाँ पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल, किसी वस्तु के अभिकेंद्रीय बल के साथ मिलकर एक दूसरे को संतुलित करते हैं।
- जेम्स **वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) दूसरे लैग्रेंज बिंदु (L2) के पास सूर्य की परिक्रमा करता है,** जो सूर्य से विपरीत दिशा में पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह स्थान दूरबीन को पृथ्वी की छाया के हस्तक्षेप के बिना ब्रह्मांड का अवलोकन करने की अनुमति देता है।
- **लैग्रेंज बिंदु L4 और L5 पर स्थित वस्तुएँ** उन पर कार्य करने वाले अद्वितीय गुरुत्वाकर्षण और अभिकेंद्रीय बलों के कारण स्थिर स्थिति बनाए रखती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - ये बिंदु दो बड़े पिंडों, जैसे पृथ्वी और सूर्य, या सूर्य और बृहस्पति के साथ एक समबाहु त्रिभुज बनाते हैं।

**60. C**

**व्याख्या:**

- **राज्यपाल की विधायी शक्तियाँ:**
  - **अनुच्छेद** 174 के तहत राज्यपाल **मुख्यमंत्री की सलाह पर अथवा** किसी **दल द्वारा सरकार बनाने में अक्षम रहने की दशा में** विधानसभा को भंग करने की सिफारिश कर सकता है, लेकिन यह शक्ति कतिपय शर्तों के अधीन है और पूर्ण रूप से विवेकाधीन नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **अनुच्छेद** 175(2) के तहत राज्यपाल सरकार के बहुमत को सत्यापित करने के लिये फ्लोर टेस्ट का आह्वान कर सकता है और विधेयकों या अन्य मामलों पर विचार करने के लिये विधायिका को संदेश भेज सकता है।
  - **अनुच्छेद** 176 के तहत राज्यपाल, साधारण निर्वाचन के पश्चात् प्रथम सत्र के आरंभ में और प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के आरंभ में विधानमंडल में अभिभाषण करेगा और विधानमंडल को उसके आह्वान के कारण बताएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
  - राष्ट्रपति की तरह राज्यपाल भी धन विधेयक पर मंज़ूरी में देरी कर सकता है और सिफारिशें कर सकते है लेकिन विधायिका उन्हें स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है।

**61. C**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन ग्रीन्स योजना:**

- यह प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 में शुरू की गई एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य "ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति)" से प्रेरित होकर **विकारीय फसलों की कीमतों को स्थिर करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। अत: कथन 2 सही है।**
- इसे **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है** तथा इसका वित्तपोषण भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (NAFED) द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**62. A**

**व्याख्या:**

**डोडो:**

- डोडो (***Raphus cucullatus***) एक विलुप्त (1681 से) उड़ने में अक्षम पक्षी है जो **मॉरीशस द्वीप का स्थानिक पक्षी था,** जो हिंद महासागर में मेडागास्कर के पूर्व में अवस्थित है।
- यह *कोलंबिडे कुल* (पुंडक और कबूतर) से संबंधित था।
- यह मानवीय गतिविधियों और सूअरों, चूहों तथा बिल्लियों जैसी आक्रामक प्रजातियों के अस्तित्व में आने के कारण विलुप्त हो गया, जो इसके अंडों और चूज़ों का शिकार करते थे।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**63. A**

**व्याख्या:**

- **निधि नियम, 2014** के तहत, **निधि** एक ऐसी कंपनी है जिसे निधि के रूप में शामिल किया गया है जिसका उद्देश्य अपने सदस्यों में मितव्ययिता और बचत की आदत विकसित करना, अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करना और उन्हें ही उनके पारस्परिक लाभ के लिये ऋण देना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **यह कंपनी अधिनियम,** 2013 के तहत पंजीकृत कंपनी है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पारस्परिक लाभ के सिद्धांत पर काम करती है जिसे **कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय** द्वारा विनियमित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **निधि कंपनी** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) का एक वर्ग है और भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के पास उनकी जमा स्वीकृति गतिविधियों से संबंधित निर्देश जारी करने की शक्तियाँ हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

64. D

**व्याख्या:**

- **परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (RoA):** इसका आशय किसी व्यवसाय की कुल परिसंपत्तियों के सापेक्ष लाभप्रदता से है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - **इक्विटी पर रिटर्न (RoE):** इसका आशय कुल शेयरधारकों की इक्विटी के सापेक्ष किसी कंपनी के वार्षिक रिटर्न (शुद्ध आय) का मापन है।
- **स्लिपेज अनुपात:** यह वर्ष के आरंभ में मानक अग्रिमों के हिस्से के रूप में NPA में नई वृद्धि का मापन है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात (CRAR): यह बैंक की घाटे को अवशोषित करने** एवं स्थिरता सुनिश्चित करने, जमाकर्त्ताओं की सुरक्षा करने एवं वित्तीय प्रणाली दक्षता को बढ़ावा देने की **क्षमता** का मापन है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

65. C

**व्याख्या:**

**SpaDeX:**

- स्पैडेक्स (Space Docking Experiment-SpaDeX) एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है जिसे इसरो द्वारा अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करने के लिये विकसित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस मिशन का उद्देश्य दो छोटे अंतरिक्ष यान को एक-दूसरे से मिलाने, डॉक करने और अनडॉक करने की क्षमता का प्रदर्शन करना है, जो भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं में एक महत्त्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।
- **लक्ष्य:** स्पैडेक्स (SpaDeX) का प्राथमिक लक्ष्य, **पृथ्वी की निचली कक्षा** में दो छोटे अंतरिक्ष यान, **SDX01 (चेज़र) और SDX02 (टारगेट)** के लिये डॉकिंग तकनीक विकसित करना है।
  - **इसके द्वारा उन्नत सेंसर एवं प्रणोदन प्रणालियों का** उपयोग करते हुए स्वायत्त रूप से डॉकिंग की जाएगी।
  - इसके द्वितीयक उद्देश्यों में **विद्युत ऊर्जा प्रवाह परीक्षण एवं अंतरिक्ष यान नियंत्रण का प्रदर्शन** शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

66. B

**व्याख्या:**

**डीप स्टेट:**

- **"डीप स्टेट"** शब्द का तात्पर्य अनिर्वाचित नौकरशाहों, सैन्य अधिकारियों और अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के एक कथित **शैडो नेटवर्क** से है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए, सरकारी निर्णयों पर नियंत्रण रखने के लिये गुप्त रूप से काम करते हैं।
  - विदेशी सरकारें **अपने हितों के आधार पर कुछ देशों में लोकतंत्र**, मानवाधिकारों और उदार मूल्यों को **बढ़ावा देने का प्रयास** करती हैं।
- इसका नाम **तुर्की शब्द "*डेरिन डेवलेट*"** से लिया गया है, जिसका अंग्रेज़ी में शाब्दिक अर्थ "डीप स्टेट" होता है। तुर्की में, इसका मतलब लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार पर हावी होने वाले **गैर-निर्वाचित तत्त्वों** से है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

67. C

**व्याख्या:**

**स्मार्ट सिटी मिशन (SCM):**

- इसे **वर्ष 2015** में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य शहरों में बुनियादी ढाँचे, जीवन की गुणवत्ता और स्थिरता को बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **SCM के घटक:**
  - **क्षेत्र-आधारित विकास:**
    - **पुनर्विकास:** बुनियादी ढाँचे और सुविधाओं में सुधार के लिये मौजूदा शहरी क्षेत्रों का नवीनीकरण। उदाहरण: भिंडी बाज़ार, मुंबई।
    - **रेट्रोफिटिंग:** मौजूदा क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे को उन्नत करना ताकि उन्हें अधिक कुशल और टिकाऊ बनाया जा सके। उदाहरण के लिये स्थानीय क्षेत्र विकास (अहमदाबाद)।
    - **ग्रीनफील्ड परियोजनाएँ:** स्थिरता और स्मार्ट प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए नए शहरी क्षेत्रों का विकास। जैसे न्यू टाउन, कोलकाता, नया रायपुर, गिफ्ट सिटी।
  - **अखिल शहर समाधान:**
    - ई-गवर्नेंस, अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन, ऊर्जा प्रबंधन, शहरी गतिशीलता और कौशल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) समाधानों का कार्यान्वयन।
  - **शासन संरचना:**
    - प्रभावशीलता बढ़ाने के लिये एक नया शासन मॉडल अपनाया गया।
    - कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) बनाया गया जिसका नेतृत्व एक नौकरशाह या बहुराष्ट्रीय निगम (MNC) के प्रतिनिधि द्वारा किया जाएगा।
- वर्ष 2022 में लॉन्च किया गया '**SAAR' (स्मार्ट सिटीज एंड एकेडमिया टुवड्र्स एक्शन एंड रिसर्च)** प्लेटफॉर्म, SCM के तहत **शहरी पहलों का दस्तावेज़ीकरण और शोध** करने के लिये शिक्षाविदों और सरकार को जोड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारतीय प्रबंधन संस्थान, बंगलूरू के एक अध्ययन से पता चला है कि **स्मार्ट सिटीज मिशन (SCM) ने स्मार्ट कक्षाओं** के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है।
  - IIM बंगलूरू के अध्ययन से पता चलता है कि SCM के तहत **स्मार्ट कक्षाओं** ने वर्ष 2015-16 से वर्ष 2023-24 तक **19 शहरों में नामांकन में 22% की वृद्धि** की है।

68. C

**व्याख्या:**

- **सर्वाधिक वरीयता प्राप्त राष्ट्र (MFN) का** अर्थ है कि जब भी कोई देश व्यापार अवरोध को कम करता है या बाज़ार खोलता है तो उसे अपने सभी व्यापारिक साझेदारों (चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो) से समान वस्तुओं या सेवाओं के लिये ऐसा करना होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलू (TRIPS) समझौता द्वारा गैर-भेदभाव सिद्धांत में अपवाद की अनुमति दी गई है, जिसे सर्वाधिक वरीयता प्राप्त राष्ट्र (MFN) उपचार के रूप में जाना जाता है, जिससे देशों को विभिन्न व्यापारिक भागीदारों के अधिकार धारकों के बीच अंतर करने की अनुमति मिलती है। **अतः कथन 2 सही है।**

69. A

**व्याख्या:**

- **पेरियार टाइगर रिज़र्व** केरल के इडुक्की एवं पथानामथिट्टा ज़िलों में अवस्थित है (पश्चिमी घाट के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित)।
- वर्ष 1950 में इसे अभयारण्य घोषित किया गया तथा वर्ष 1978 में इसे बाघ अभयारण्य घोषित किया गया। इसका नाम पेरियार नदी से लिया गया है, जिसका उद्गम अभयारण्य के तहत शामिल क्षेत्र से ही होता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इस अभयारण्य में **उष्णकटिबंधीय सदाबहार, अर्द्ध सदाबहार, नम पर्णपाती वन तथा घास के मैदान** शामिल हैं।
- यह अभयारण्य लगभग 300 औषधीय पौधों का केंद्र है।
  - कुछ पौधे इस क्षेत्र के स्थानिक हैं जैसे ***सिज़ीगियम पेरियारेंसिस*** (एक पेड़), ***हेबेनारिया पेरियारेंसिस*** (एक **आर्किड**) एवं मुकुना प्रुरिएन्स थेक्काडिएंसिस (एक क्लिम्बर) आदि।
- इस रिज़र्व के तहत शामिल क्षेत्र में छह जनजातीय समुदाय रहते हैं जैसे कि मन्नान, पालियाँ, **मलयारायण, माला पंडारम, उराली** एवं उल्लादान।

**अतः विकल्प A सही है।**

70. **B**

**व्याख्या:**

- **SSB** **केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)** का एक हिस्सा है, जो **नेपाल (1,751 किमी) और भूटान (699 किमी) के साथ भारत की सीमा** की रक्षा करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना **वर्ष 1962 में चीन के आक्रमण** के बाद **मई, 1963** में **विशेष सेवा ब्यूरो** के रूप में की गई थी। यह **गृह मंत्रालय** के तत्वावधान में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह भारत के सात अर्द्ध-सैनिक बलों में से एक है (अन्य 6: असम राइफल्स (Assam Rifles), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG))।
- SSB पहला केंद्रीय अर्द्ध-सैनिक बल है जिसमें महिलाओं को भी शामिल किया गया है।
  - मार्च, 2004 में SSB को राष्ट्रीय सुरक्षा में अपने महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये राष्ट्रपति ध्वज से सम्मानित किया गया, जो किसी भी सैन्य इकाई को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :